हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 7 दिसंबर 2024


तापमान
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री


12 प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में बनेगा गौधाम
13 उद्यानिकी व वानिकी के विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम













## खबर संक्षेप

### राज्यपाल डेका 9 को आईआईटी भिलाई में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 9 दिसंबर को आईआईटी भिलाई के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां संस्कृति, भाषा और परंपरा केंद्र (सीसीएलटी) का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम आईआईटी के नालंदा हॉल में सुबह 11 बजे से आयोजित है। सीसीएलटी की स्थापना सांस्कृतिक विरासत, स्वदेशी ज्ञान, लुप्तप्राय भाषाओं और सतत विकास पर अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए की गई है। केंद्र भाषाई विविधता, सांस्कृतिक बहुलवाद, पारिस्थितिक ज्ञान और विशेष रूप से छत्तीसगढ़ और बड़े पैमाने पर भारत की सामूहिक स्मृति को अग्रभूमि पर लाने के लिए काम करेगा। राज्यपाल सीसीएलटी के लोगो का अनावरण करेंगे। वे दो परियोजना रिपोर्ट भी जारी करेंगे, जिनका शीर्षक है बारसूर की विरासत प्रशंसा : इतिहास, वास्तुकला और पर्यटन पर परिप्रेक्ष्य और छत्तीसगढ़ पर एक केस स्टडी के माध्यम से आजीविका बढ़ाना है। इस अवसर पर हस्तशिल्प की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के साथ साझेदारी में केंद्र द्वारा आयोजित आवासीय शीतकालीन स्कूल कॉमनिंग द कॉमन्स भी लॉन्च इवेंट शुरू होगा।

### खटाल संचालक पर की गई चालानी कार्रवाई

**भिलाई।** नपानिभि क्षेत्र के जोन-1 अंतर्गत सिंगलयूज प्लास्टिक रखने एवं गंदगी फैलाने वाले व्यवसायियों पर चालानी कार्यवाही की गई। वार्ड-2 स्मृति नगर में जुनवानी चैंक में विभिन्न व्यवसासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं व्यवसाय परिसर, फल ठेला में गंदगी पाए जाने एवं गीला एवं सूखा कचरा अलग नहीं पाए जाने वाले व्यापारी पृथ्वी जूस सेंटर 400, गोलू फल सेंटर 200, विश्वकर्ता फल सेंटर 100, ब्यूटी टी स्टाल 300, दूबे डेयरी 800, डिजत टू होटल 200, वंश डेली नीडस 500, अंबिका टेडर्स 500, द भिलाई टाउन 500, सोनू फल ठेला 100 एवं शर्मा पूजा सामग्री 1500 से इस प्रकार कुल 5100 रूपये चलानी कार्यवाही करते हुए वसूल किये गये। साथ ही जोन-2 अंतर्गत वार्ड-16 ठेठवार पारा में खटाल वालो के द्वारा नाली में गोबर बहाने पर चार लोगो से 4000 रूपये दाण्डिक शुल्क वसूला गया। चालानी कार्रवाई बढ़ते क्रम में होगी इसकी पूरी जिम्मेदारी जो लोग नगर निगम के समझाइए इसको नहीं मान रहे हैं उन्हीं के खिलाफ होगा। आयुक्त राजीव पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जो भी व्यापारी सिंगलयूज प्लास्टिक में खादय सामग्री विक्रय कर रहे है। व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे है।

पुनर्विकास : 503 करोड़ की लागत से हो रहा स्टेशनों का विकास

# दुर्ग, पावरहाउस, मरोदा स्टेशनों की बदल रही है तस्वीर, धीमी रफ्तार से यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

हरिभूमि सरोकार

भारत अमृत मिशन योजना के तहत करोड़ों रुपए खर्च कर दुर्ग, पावरहाउस भिलाई और मरोदा स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य किए जा रहे हैं। इन स्टेशनों में काम की रफ्तार इतनी सुस्त है कि यात्रियों को जूझना पड़ रहा है। दुर्ग स्टेशन का विकास 463 करोड़ से हो रहे हैं। पावर हाउस स्टेशन का विकास 26 करोड़ की लागत से और मरोदा स्टेशन का विकास करीब 14 करोड़ की लागत से हो रहे हैं। इस तरह इन स्टेशनों पर 503 करोड़ खर्च हो रहे है। इन स्टेशनों में यात्रियों को सुविधाएं तो बाद में मिलेगी लेकिन कार्य को महीनों रोकने की वजह से दिक्कतें उठानी पड़ रही है।



### दुर्ग स्टेशन में ये सुविधाएं विकसित

दुर्ग रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास किया जाना है। यहां करीब 1300 यात्रियों के बैठने के लिए वेटिंग एरिया की सुविधाएं विकसित की जा रही है। 925 से अधिक वाहनों के लिए लगभग हजार वर्ग मीटर पार्किंग एरिया का प्रावधान है। बेहतर भीड़ प्रबंधन हेतु स्टेशन में प्रवेश एवं निकास की अलग से व्यवस्था की जाएगी। 3 नए फुट ओवरब्रिज का प्रावधान किया गया है जिसमें दो स्टेशन प्रवेश के लिए तथा एक स्टेशन के बाहर के लिए रहेगा। 335 वर्ग मीटर का कॉन्कोर्स का प्रावधान किया गया है, बुजुर्गों तथा दिव्यांग यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। स्टेशन परिसर के सामने ट्रैफिक की समस्या इतनी बढ़ गई है कि यात्रियों की ट्रेनें तक छूट जा रही है।

### 26 करोड़ से पावरहाउस स्टेशन की बदल रही तस्वीर

भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन का 26 करोड़ की लागत से कायाकल्प किया जा रहा है। प्लेटफार्म में नए पत्थर व चेकर टाइल्स लगाए जा रहे हैं। स्टेशन में प्रकाश व्यवस्था भी पहले से बेहतर करने की योजना है। 50 सालों के दौरान भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में यात्रियों की संख्या को ध्यान में रख कर, कायाकल्प की वृहत कार्य योजना बनाई गई है। इसको विकसित करने का लक्ष्य रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव देना है। इससे रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद सुविधाओं की शुरुआत के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है।

### पावर हाउस स्टेशन में हो रहे यह कार्य

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भिलाई पावर हाउस स्टेशन में विकास कार्य शुरू किए गए हैं। इसमें यह स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो जाएगा। आगमन और प्रस्थान के लिए अलग मार्ग, चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, वाल पेंटिंग्स व म्यूरल्स में स्थानीय संस्कृति की झलक, आकर्षक कॉनकोर्स, वेटिंग हॉल में फर्नीचर्स, कोच व ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, आकर्षक पोर्च, पार्किंग्स की सुविधा, चौड़ा फुटपाथ, स्टेनलेस स्टील चेयर, अपग्रेडेड अनारक्षित टिकट और पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम, अंतरराष्ट्रीय स्तर के साइनेज, स्टेशन परिसर में हाई मास्ट से प्रचूर लाइट, सीसीटीवी कैमरा से निगरानी, गार्डन व मनमोहक लैंड स्कैपिंग, आधुनिकता व परंपरा को एक साथ प्रदर्शित है।

### मरोदा स्टेशन का विकास कार्य रूका

मरोदा स्टेशन को भी विकसित किया जा रहा है। यहां सबसे बड़ी दिक्कत स्टेशन का पहुंच मार्ग है। इसलिए पहुंच मार्ग को बनाना शुरू किया गया है लेकिन यह कई महीनों से बंद कर दी गई है। स्टेशन मुख्य पहुंच मार्ग को अधूरे छोड़ने की वजह से लोगों को आवाजाही में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। धूल और गिट्टी का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। स्टेशन के मुख्य द्वार को निर्माण कार्य होने की वजह से बंद कर दिया गया है। कई महीने से लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है लेकिन काम की गति बेहद सुस्त है।

### स्टेशन की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना

स्टेशन पुनर्विकास के अंतर्गत बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनों में पर्यावरण संरक्षण के लिए क्लीन एनजी रेखांकित करते हुए स्टेशन की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जाएगा। जल संरक्षण के दृष्टिगत स्टेशन वाटर हार्वेस्टिंग व इमरजेंसी पावर बैंक-अप के साथ फायर फाइटिंग स्थापित किए जाएंगे। यात्रियों को दी जरूरी सुविधाओं में खान-पान, पीने का पानी, एटीएम, इंटरनेट, वॉशरूम, कवर शेड, स्टैंडर्ड साइनेज तथा इकोफ्रेंडली सुविधाएं आदि शामिल है।

बाजार मूल्य पांच लाख 6 हजार रुपए

# 10 किलो गांजा के साथ दो युवक होटल से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने दो युवकों को होटल से गिरफ्तार किया है। उड़िसा से लेकर दुर्ग पहुंचे युवकों से पुलिस ने गांजा को गोरखपुर यूपी लेकर जाने की तैयारी में थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पकड़े गए आरोपी नवतनवा एक्सप्रेस से गोरखपुर गांजा लेकर जाने वाले थे। पुलिस को सूचना मिलने पर तुरंत दोनों युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में युवको के बारे में पता चला कि आरोपी कुरियर की तरह काम कर रहे थे। 10 किलो गांजा पहुंचाने के एवज में यूपी का शातिर इन्हें 6 रुपए देता था। सूचना पर नलघर के पास स्थित होटल में दो युवक शैलेन्द्र कुमार पाठक, शैलेष कुमार प्रसाद रुके हुए थे। युवकों के पास कुछ संदिग्ध पैकेट भी रखा हुआ था। पुलिस ने दबिश देकर पकड़ लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे कबीर नगर गोरखपुर उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। दोनों के पास क्रमशः 14-14 किलो गांजा बरामद किया गया। गांजा की कीमत 5 लाख 60 रुपए आंकी गई है। आरोपियों के पास से एक मोबाइल भी जब्त किया गया। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि गांजा का रैकेट बहुत बड़ा है। आरोपियों से पता चला कि उड़िसा से गांजा लेकर पहले वे अंबिकापुर पहुंचे। फिर पता चला कि गोरखपुर के लिए दुर्ग से नवतनवा एक्सप्रेस सीधी ट्रेन है। उससे जाना सुरक्षित होने का दावा किया लेकिन दोनों अंबिकापुर से रायपुर पहुंचे और रायपुर से दुर्ग आ गए। दोनों आरोपी होटल में कमरा लेकर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर युवकों को पुलिस ने पकड़ा लिया।

■ यूपी के मास्टर माइंड की तलाश में पुलिस जुटी

कार्रवाई

# नशीली दवाओं का कारोबारी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नशीला सिरफ तस्करी करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 22(ग) व धारा 8 के तहत जुर्म दर्ज किया है। इसके पूर्व पुलिस ने संदीप, सोहेल को पकड़ा था। उनसे सौरभ का इनपुट मिलने के बाद उसे पकड़ा गया है।

सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि ग्राम मर्रा, तहसील-पाटन निवासी सौरभ कामड़े के पास से रविवार को पुलिस ने बड़ी मात्रा में नशीला सिरफ और दो आरोपी संदीप सिंह, सोहेल खान के पास से नशीला सीरफ जब्त किया है। कब्जे से 6.3 लीटर 10795 रुपये और बाइक जब्त किया है।

आरोपियों से पूछताछ करने पर कारोबार का मास्टर माइंड के रुप में सौरभ कामड़े का नाम लिया है। जिसके बाद से एसीसीयू की टीम ने सौरभ कामड़े की तलाश में जुटी रही। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी सौरभ कामड़े को घेराबंदी कर पकड़कर कुम्हारी पुलिस को दिया। कई सिंडिकेट व सप्लायर का नाम सौरभ ने पुलिस को बताया है। आरोपी सौरभ कामड़े को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** बाइक चोरी करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि इमली चौक सरस्वती नगर टप्पा तालाब दुर्ग निवासी चंदन यादव अपनी बाइक सीजी 07 एटी 8476 से बैंक ऑफ महाराष्ट्रा के सामने 30 नवम्बर को खडा किया था। इस दौरान बैंक से काम निपटाकर वापस आया तो बाइक गायब मिली। आसपास खोजबीन करने के बाद भी बाइक नहीं मिला। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। आसपास के सीसी टीवी कैमरा चेक करने पर अज्ञात चोर बाइक को चोरी कर फरार होने का फुटेज मिला है। फुटेज के आधार पर अज्ञात चोर की तलाश कर रही है।

# 60 फीट की सड़क शाम को हो जाती है 30 फीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

आयुक्त ने व्यवधान हटाने शुरू किया अभियान

सड़क की जमीन पर प्रचार सामाग्री रखने और दुकान सजाने वालों के खिलाफ रिसाली निगम ने मुहिम छेड़ दी है। गुरूवार की देर शाम आयुक्त मोनिका वर्मा ने व्यापारियों को समझाइश देने नेवई पुलिस के साथ सड़क पर ऊतरी। इस दौरान जबरदस्ती बहस करने पर जुर्माना वसूला, वही सड़क पर रखे सामानों को जब्त किया। जो सड़क रात में 60 फीट से अधिक दिखाई देती है, वह शाम होते-होते आधी नजर आती है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने पूरे बाजार क्षेत्र में अभियान चलाने निर्देश दिए है। पहली बार में समझाइश कर असर नहीं होने पर दोबारा गलती करने पर सामान जब्त करने निर्देश दिए है। अभियान हर सप्ताह चलाया जाएगा।

### पसरा व दुकान का सामान रोड किनारे

पसरा लगाने और दुकान सजाने की वजह से जाम की स्थिति रहती है। आयुक्त मोनिका वर्मा के समझाइश का असर नहीं होने से अब से सख्ती के साथ पेश आ रही है। राजस्व, जनस्वास्थ्य, एनयूएलएम की टीम और नेवई पुलिस ने ऐसे व्यापारियों को हिदायते दी, जिन्होंने दुकान को सड़क की जमीन पर सजाया था। इस दौरान साइन बोर्ड और सजाने रखे फर्सी को जब्त कराया। साथ ही व्यापारियों को हिदायत दी गई कि दोबारा गलती करने पर पुनः जुर्माना और सामान जब्ती की कार्रवाही की जाएगी।



### इससे वसूला जुर्माना

| | |
|---|---|
| नंदनी गर्व वीट | -1000 रुपये |
| क्वीन | -2000 रुपये |
| झिलमिल किड्स | -2000 रुपये |

### आयोध्या डेयरी को नोटिस

इस दौरान आयुक्त के निर्देश पर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अधिकारियों ने कृष्णा टॉकिज रोड स्थित आयोध्या डेयरी के साफ सफाई की भी जांच की। किचन में खुले में रखे डालडा का सैंपल लेकर लैब भेजा गया। वहीं आयुक्त ने किचन को प्रथम तल में होने और घुमावदार सीढ़ी होने पर आपातकाल के लिए व्यवस्था नहीं होनेके लिए नोटिस जारी करने निर्देश दिए।

### निगम में आगजनी हो तो कैसे रोकें, कर्मियों को मिले टिप्स

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के कभी भी विभागों में आगजनी हो जाने पर रोकने के लिए फायर सिलेंडर लगाया गया है। जिससे अचानक किसी कारणवश या इलेक्ट्रीकल शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाती है। जिससे विभाग कागजात जलने या किसी दुर्घटना को रोकने के लिए यह सिलेंटर सभी विभागों के दरवाजे के पास लगाया गया है। जिससे किसी प्रकार की घटना होने पर उसको तत्काल रोका जा सके। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी विभाग के कर्मचारियो को अपने आफिस के बाहर बुलाया। उनको ड्राई पावडर सिलेंडर की जानकारी दी। उन्होने बताया कि किस प्रकार से आगजनी को रोका जा सकता है। अक्सर देखा जाता है कि आफिस, भवन एवं अन्य जगहों पर किसी बिजली के तार टूटने या एसी फटने की वजह से आग लग जाती है। जिससे वहां पर रखे सभी कागज, लकड़ी या अन्य सामग्री आग से जल जाते है। जिसको रोकने के लिए सिलेंडर के उपयोग से कैसे आग पर काबू पाया जाए उसके बारे में जानकारी प्रदान की गई। आयुक्त की उपस्थिति में अग्निशमन विभाग के कर्मचारी ने आग जलाकर उसे सिलेंडर के माध्यम से बूझाकर दिखाया। आयुक्त स्वयं सभी विभागो में जाकर निरीक्षण किये की सभी विभागो में यह उपकरण लगाया गया है कि नहीं। जिससे आपतकालीन की स्थिति होने पर दुर्घटना को रोका जा सके।

### वाहन चोरी करने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सिंधी कालोनी स्टेशन रोड दुर्ग निवासी निखिल खत्री ने शिकायत किया है कि 11 सितंबर को आकाश गंगा सुपेला में अपनी बाइक को खड़ा किया था। अज्ञात ने बाइक को चोरी कर लिया। मुखबिर की सूचना पर सूचना पर भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन के सामने गौठान के पास चोरी की बाइक को बेचने की तलाश में आरोपी ग्राहक खोज रहा है। पुलिस घेराबंदी कर आरोपी को लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम बांसपारा नारायण किराना दुकान के पास न्यू बस स्टैण्ड के पीछे दुर्ग थाना मोहन नगर निवासी सुमीत भोई बताया है। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। आरोपी आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ कई मामले थाने में दर्ज है। बाइक की कीमत 35 हजार रुपए आंकी गई है।

वैशालीनगर विधायक सेन की एक और अनूठी पहल

# राजधानी व दिल्ली के वैशाली नगर भवन में रूकने की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

काम्पीटिटिव एग्जाम या ट्रीटमेंट के लिए प्रदेश और देश की राजधानी जाने वाले वैशाली नगर विधानसभावासियों को अब रायपुर और दिल्ली में रूकने की समस्या नहीं होगी। विधायक रिकेश सेन ने इस संबंध में पहल करते हुए दिल्ली और रायपुर में वैशाली नगर भवन की व्यवस्था की है। वैशाली नगर विधानसभा के रहवासी अगर अपने परिजन की चिकित्सा के चलते या फिर स्टूडेंट्स एग्जाम के लिए राजधानी रायपुर या दिल्ली जाते हैं तो वे वैशाली नगर भवन में निःशुल्क रूप से रूक कर इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

1 जनवरी से रायपुर व दिल्ली में शुरू हो जाएगी सुविधा



### नए साल एक जनवरी से शुरू हो जाएगी सुविधा

विधायक रिकेश सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली और रायपुर के भाटागांव में वैशाली नगर भवन तैयार कर लिया गया है। व्यवस्थित रूप से 1 जनवरी से वैशाली नगर के रहवासी अगर परीक्षा और चिकित्सा जैसे आवश्यक कार्यवश अगर उन शहरों में जाते हैं तो रूकने के लिए वैशाली नगर भवन की निःशुल्क सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। श्री सेन ने कहा कि रोजगार के मद्देनजर साक्षात्कार हो या परीक्षा या फिर चिकित्सा के लिए दिल्ली जैसे शहरों में रूकना काफी महंगा साबित होता है। अनेक छात्र या निम्न व मध्यम वर्ग के परिवार होटल या लाज का भारी खर्च उठाने सक्षम नहीं होते। इसलिए वैशाली नगर विधानसभा के निवासी जो छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर या देश की राजधानी दिल्ली आवश्यक कार्य से जाएंगे। उनके पास इन शहरों में तात्कालिक रूप से रूकने की व्यवस्था कर पाने में वो सक्षम नहीं हों तो जीरो रोड वैशाली नगर स्थित विधायक कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। ताकि वैशाली नगर भवन में उनके रूकने का इंतजाम किया जा सके।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### डॉ. अम्बेडकर की पुण्य तिथि मनाई गई

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय में जननायक डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने उनके जीवन मूल्य और संविधान निर्माण के लिए किए गए उनके कार्यों को रेखांकित किया। वित्त अधिकारी सुशील गजभिये ने बताया कि किस प्रकार डॉ. अम्बेडकर ने सभी जनों को उनका अधिकार देने हेतु संविधान में प्रावधान किया, किस प्रकार से नारी उत्थान के लिए डॉ. अम्बेडकर ने कार्य किया। इस अवसर पर उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल, राजेन्द्र चौहान, सहायक कुलसचिव हिमांषु शेखर मंडावी, डॉ. सुमीत अग्रवाल, दिग्विजय कुमार, कनिष्ठ अधीक्षक योगेश सोनटेके, तकनीकी सहायक, श्रीमती भावना पर्बत, सहायक ग्रेड-01 श्रीमती मंजूषा तिरपुड़े, श्रीमती लता बंजारे, युगल किषोर मंडावी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### कक्ष निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** दुर्ग नगर विधानसभा के पांच कार्यों के लिए 53 लाख 96 हजार 423 रूपए स्वीकृत किया गया है। शहर विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 10 विजय नगर मनोकामना मंदिर के पास सहस्त्रबाहू मार्ग स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए 9 लाख 99 हजार 641 रूपए, वार्ड 16 जयंती नगर सिकोला बस्ती में स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए 11 लाख 99 हजार 899 रूपए, वार्ड 16 जयंती नगर सिकोला बस्ती में स्थित सामुदायिक भवन में रसोई, स्टोर कक्ष निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रूपए, वार्ड 40 कसारीडीह न्यास आश्रम सामुदायिक भवन में भूतल एवं प्रथम तल में रसोई व शौचालय कक्ष निर्माण कार्य के लिए 23 लाख 96 हजार 883 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

### बैठक 26 को

**दुर्ग।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दुर्ग की जिला प्रबंध समिति 2024-27 वर्ष का गठन किया जाना है। इस हेतु इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा दुर्ग के सामान्य सभा की बैठक 26 दिसम्बर को अपरान्ह 2 बजे खालसा पब्लिक स्कूल मालवीय नगर चौक के पास सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में इंडियन रेडक्रास सोसायटी के संरक्षक, उप संरक्षक, आजीवन सदस्य को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने कहा गया है। बैठक में प्रवेश हेतु यथा मान्य पहचान पत्र जिसके अंतर्गत आधार कार्ड, लाइसेंस, पेन कार्ड, पासपोर्ट, वोटर आईडी, बैंक आफिस विभाग के द्वारा जारी की गई परिचय पत्र, इनमें से कोई भी एक पहचान पत्र साथ लाना होगा।

### विभिन्न कार्यों के लिए साढ़े 57 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के 10 कार्यों के लिए 57 लाख 48 हजार 5 रूपए स्वीकृत किया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत अंजोरा ख में उड़िया बस्ती सार्वजनिक भवन के पास कलामंच में छत ढलाई निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम पंचायत अंजोरा ख में सार्वजनिक मंच में डोमशेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत अछोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 11 लाख 99 हजार 981 रूपए, ग्राम पंचायत उमरपोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य 2 लाख 99 हजार 771 रूपए, ग्राम पंचायत चिरपोटी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 99 हजार 510 रूपए, भानपुरी में वार्ड-4 सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम पंचायत भानपुरी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 99 हजार 755 रूपए स्वीकृत किया गया है।

# केन्द्रों में पन्द्रह जनवरी तक टोकन फुल, सोसायटियों का लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में आगामी पन्द्रह जनवरी तक सोसायटियों में टोकन फूल हो गया हैं। ऐसे में किसान सोसायटियों का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन आफलाइन टोकन लेने पसीना बहाना पड रहा हैं। क्योकि सोसायटी में रोजाना खरीदी का लिमिट राज्य से तय किया गया हैं। उसके अनुसार रोजाना लिमिट के आधार पर ही टोकन जारी किया जा रहा हैं।

टोकन तुंहर द्वार एप में साठ फीसदी आनलाइन जारी किए जाने का नियम बनाया गया हैं, वही सोसायटी में सिर्फ चालीस फीसदी टोकन मिलेगा। आनलाइन टोकन नही मिलने से परेशान किसान अब सोसायटी का चक्कर लगा रहे हैं। सोसायटी प्रबंधको ने बताया कि, पिछले दो दिनों से आफलाइन टोकन कट रहा हैं। इसके पहले परेशानी आ रही थी। उल्लेखनीय है कि, आगामी 31 जनवरी तक किसानों से धान की खरीदी की जाएगी। दिसंबर और जनवरी मिलाकर 44 दिन की खरीदी होनी हैं। वर्तमान में करीब सोलह लाख क्विंटल की खरीदी हो चुकी हैं।

## पन्द्रह जनवरी के बाद की तिथि एप में नहीं खुल रही

### बडे किसानों की तीस फीसदी खरीदी

धान खरीदी की रोजाना मानिटरिंग राज्य से हो रही हैं। खबर है कि, बडे किसानों का तीस फीसदी और छोटे का सत्तर फीसदी उपज खरीदने प्राथमिकता दी जा रही हैं। इधर जिले में अभी तक उठाव शुरू नही हुआ हैं। एकतरफ जहां राज्य शासन की मंशा स्पष्ट नही हो रही हैं, वही जिला प्रशासन भी मूकदर्शक बना हैं। मिलर एग्रीमेंट कराने सामने नही आ रहे हैं। शुक्रवार को भी एक भी एग्रीमेंट नही हो सका। ऐसे में जिले के 90 से ज्यादा केन्द्र में धान रखने की जगह नही हैं। जिसके चलते आगामी दिनों धान खरीदी प्रभावित होगी।



### एप में नही खुल रहा तारीख

किसानों ने बताया कि, एप में आगामी पन्द्रह जनवरी तक की तिथि खुल रही हैं। उसके बाद बंद बताया जा रहा हैं। सोसायटी प्रबंधको की माने तो इसके पहले सिर्फ दो-दो दिन का ही डेट खुलता था, आगे बंद बताता था। लेकिन हाल ही में आगामी पन्द्रह जनवरी तक तिथि खोल दिया गया। जिसके कारण तेजी से आनलाइन पंजीयन हुआ और पन्द्रह जनवरी तक रोजाना खरीदी के अनुसार कोटा फुल हो गया हैं।

## राहत : आवास निर्माण के पूरे कार्यों की मॉनिटरिंग करेंगे आवास मित्र

# पीएम आवास बनाने चालीस रुपए सस्ते में सीमेंट उपलब्ध कराएंगे डीलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

## जिला पंचायत में शुक्रवार को कंपनियों के साथ की गई बैठक

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को कंपनियों द्वारा सस्ते में सीमेंट उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए जेके लक्ष्मी, एसीसी और अल्ट्राटेक कंपनी से समझौता किया गया हैं। जिले में करीब करीब साढे सात हजार पीएम आवास बनाने की तैयारी है। जिला प्रशास के इस पहल से साढे सात हजार मकान के लिए हितग्राहियों के करीब पौने दो करोड रूपए की बचत होगी। जिले में कंपनियों द्वारा निर्धारित किए गए डीलर से हितग्राही सीमेंट खरीद सकेगें।

जानकारी अनुसार सस्ते दर पर सीमेंट उपलब्ध कराने का प्रयास प्रदेश के दुर्ग में किया गया हैं। हितग्राहियों को पीएम आवास के लिए एक लाख बीस हजार ही दी जाती हैं। शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष आवास मित्रों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सीमेंट कंपनी के प्रतिनिधि पर मौजूद थे। इस बैठक में तीनों कंपनियों ने बाजार दर से करीब चालीस रूपए कम दर पर सीमेंट उपलब्ध कराने पर सहमति बनी हैं। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रोत्साहन करते हुए कलेक्टर ने कहा कि, दुर्ग ग्रामीण में 7381 आवास निर्माण किया जाना है। उसमें प्रमुख भूमिका नव नियुक्त आवास मित्रों की रहेगी। उन्होंने लक्ष्य को साझा करते हुए नव नियुक्त आवास मित्रों को ईमानदारी व दृढ़ निश्चय के साथ कार्य करने को कहा। साथ ही माह मार्च 2025 तक आवास को पूर्ण कराने का लक्ष्य साझा किया गया।



### एक मकान में 65 बोरी की खपत

एक मकान बनाने में 65 बोरी की खपत होती हैं। जिले में साढे सात हजार मकान बनेगें। इसमें एक करोड 90 लाख की रियायत हितग्राहियों को मिलेगी। कलेक्टर ने आवास निर्माण की अनुदान राशि समय-सीमा में दिए जाने एवं जियों टेगिंग भी समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा। हितग्राहियों को जॉब कार्ड के साथ मजदूरी भुगतान समय पर किए जाने की बात कही। आवास निर्माण में उपयोग होने वाले सामग्री का व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराना जाना सुनिश्चित करें, ताकि आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाया जा सके।

### तीन माह में आवास पूर्ण कराने का टारगेट

जिले में बनने वाले पीएम आवास को आगामी तीस मार्च तक पूरा कराने कहा गया है। इसके लिए तीनों ब्लाको में आवास मित्रों का चयन किया गया हैं। जिनकी जिम्मेदारी होगी, कि वे समय पर आवास के कार्य पूर्ण कराए। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने कहा कि, तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामग्री की उपलब्धता में सहयोग की दृष्टि से 52 हितग्राहियों का आवास मित्रों का चयन किया गया है।

### मिलेगी मनरेगा मजदूरी और शौचालय की राशि

पीएम आवास योजना बनाने मनरेगा के तहत हितग्राहियों को नब्बे दिन की मजदूरी राशि भी दी जाती हैं। पीएम आवास के लिए चार किस्तों में एक लाख बीस हजार रूपए उपलब्ध कराया जा रहा हैं। अधिकारियों ने बताया कि, इसके आलावा ग्रामीण में शौचालय के लिए बारह हजार रूपए अलग से दिया जाएगा। आवास मित्रों को प्रधानमंत्री आवास समय सीमा में पूर्ण कराने व 90 दिवस का मनरेगा मजदूरी राशि को हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित करने में सहयोग प्रदान करना हैं।

### मिलेगी राहत

हितग्राहियों को चालीस रूपए प्रति बोरी सस्ते में डीलर सीमेंट उपलब्ध कराएंगे। तीन कंपनियों ने सहमति दी हैं। जल्द ही डीलरों की सूची जारी की जाएगी।

**-बजरंग दुबे,** सीईओ जिला पंचायत दुर्ग

## शौर्य दिवस पर हिंदू समाज का कराया मुंह मीठा




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बजरंगियों ने अयोध्या में अपने प्राणो का बलिदान देकर बाबरी ढाँचा रूपी अधर्म का विध्वंश किया था। शुक्रवार को इसे शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर में बजरंगियों ने हिंदू समाज का मुँह मीठा कराकर तिलक लगाकर बधाई देते हुए वीर बजरंगियों के हिंदुत्व के पराक्रम को याद दिलाया।

- तिलक लगाकर दी बधाइयां

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग दल विभाग सह संयोजक राकेश रामलोचन तिवारी, बजरंग दल दुर्ग जिला संयोजक सौरभ देवांगन, विश्व हिंदू परिषद दुर्ग नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, बजरंग दल नगर संयोजक बलदाऊ साहू, नगर सह संयोजक राकेश राज, नगर सह संयोजक मिलाप निषाद, नगर बलोपाशना प्रमुख आशुतोष तिवारी, नगर गौरक्षा प्रमुख नरसिंग सिन्हा, नगर सुरक्षा प्रमुख नीतेश यादव, युवराज शर्मा, आलोक राय, वंश राजपूत, देव पटेल, आयुष राजपूत, राहुल सिन्हा, प्रकाश बिंद, अरुण बिंद, किशन साहू, अमित सिन्हा, यशवंत, लक्की, कमलेश, पप्पू, रोशन गुप्ता, टोमन साहू, रामकुमार ठाकुर, खूबलाल यदु, गोविंद कसेर, अरुण निषाद, जीतू, जितेंद्र, वासु यादव, प्रदीप देवांगन, राजा यादव, ऋषि निषाद के साथ सभी बजरंगी भाई उपस्थित रहे।

## जेआरडी स्कूल के गायब शिक्षकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जेआरडी स्कूल में अनुपस्थित दो शिक्षको को जांच में पहुंचे अपर कलेक्टर मुकेश रावटे द्वारा नोटिस जारी किया गया हैं। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर मुकेश रावटे गुरूवार को स्कूल में जांच करने पहुंचे थे। इस दौरान दो शिक्षक गायब मिले। अपर कलेक्टर द्वारा जानकारी लिए जाने पर बताया गया कि, दोनो शिक्षको की ड्यूटी बीएलओ में लगा दी गई हैं। इस पर नाराज अपर कलेक्टर ने कहा कि, निर्वाचन कार्य समाप्त होने के बाद उन्हें स्कूल आना चाहिए। इस मामले में दो शिक्षको को नोटिस जारी किया गया हैं। उल्लेखनीय है कि, अन्य स्कूलों में भी इस तरह की मनमानी सामने आ रही हैं। चुनाव कार्य का हवाला देकर शिक्षक स्कूल ही नही पहुंच रहे हैं।

### नॉन एनईपी सेमेस्टर परीक्षा 20 से

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विवि द्वारा आयोजित की जाने वाली सेमेस्टर परीक्षा (प्रथम, तृतीय, पंचम) तथा एल.एल.बी, एल.एल.एम, द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम सेमेस्टर एटीकेटी सत्र 2024-25 की समय-सारिणी घोषित की जा चुकी है। सेमेस्टर परीक्षा 20 दिसंबर से प्रारंभ की जा रही है। विवि के उपकुलसचिव राजेन्द्र चौहान ने बताया कि समस्त महाविद्यालय, परीक्षा केन्द्र तथा विद्यार्थी समय सारिणी का सूक्ष्म अवलोकन कर अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर अनिवार्य रूप से चस्पा करेंगे ताकि उक्त समय-सारिणी की सुलभ पहुंच विद्यार्थियों तक हो सके।

### प्रगतिशील कृषक रबी फसल की तैयारी में

**दुर्ग।** प्रगतिशील कृषक के रूप में अपने पहचान बनाकर पुरस्कृत होने वाले कृषक धनेन्द्र कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आय अर्जित कर रबी फसल की तैयारी में लग गया है। धान की उन्नत एवं वैज्ञानिक तरीके से खेती कर प्रति हे. अधिक उत्पादन लेने वाले जिले के धमधा ब्लाक के ग्राम घोंठा निवासी कृषक धनेश पटेल पहले अपने 1.01 हेक्टेयर रकबा के कृषि भूमि में 48 क्विंटल धान की पैदावारी ले रहे थे।

## बोहरा ने कलेक्टर चौधरी से की मुलाकात



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा प्रभारी मंत्री दुर्ग जिला के द्वारा जिला स्तरीय समिति पशुधन क्रूरता निवारण समिति के मनोनयन नियुक्ति पश्चात जिला पशुधन क्रूरता निवारण समिति के अशासकीय सदस्य संजय बोहरा ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात की। वे समिति के जिला अध्यक्ष हैं। उन्होने अध्यक्ष के समक्ष अपने विचार और सुझाव रखें। श्री बोहरा ने कार्यशाला और कानून दंड के बारे में जानकारी अधिक से अधिक संख्या में लोगों के पास पहुंचाने की बात रखी गई। जिस पर तत्काल करवाई और निर्णय लेने का आश्वासन अपने समिति के सचिव दुर्ग जिला उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा के सामने रखी। विदित हो इस समिति में सात सदस्य होते हैं। पांच शासकीय सदस्य और दो अशासकीयकी सदस्य होते हैं। मुख्य उद्देश्य पशुधन के प्रति होने वाली कुर्ता निर्दता और अनुचित व्यवहार पर नियंत्रण रख विधि सम्मत कानून की जानकारी देना और पशुधन के प्रति बुरा व्यवहार करने वाले के खिलाफ कार्रवाई कर जमानत, जेल और वाहन जप्त कर तक का अधिकार है।

# शहर अध्यक्ष को हटाने वाले एसके अग्रवाल ने पार्टी से दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम आदमी पार्टी के दुर्ग शहर अध्यक्ष संजय सिंह के निष्कासन का आदेश जारी करने वाले लोकसभा अध्यक्ष डां एसके अग्रवाल ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया हैं। जबकि इधर प्रदेश संगठन ने शहर अध्यक्ष को यथावत पद पर बने रहने की सहमति दे दी हैं।

- निष्कासन का आदेश देने वाले डॉ. साहब ने खुद छोड़ी पार्टी

आम आदमी पार्टी के दुर्ग संभाग प्रभारी व प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा एवं दुर्ग संभाग प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर दिया है। आम आदमी पार्टी के दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष डॉ. एसके अग्रवाल द्वारा 5 दिसंबर को पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने का आरोप लगाते हुए आप के दुर्ग शहर अध्यक्ष संजय सिंह को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित करने का आदेश जारी कर दिया गया था। यह आदेश उन्होने पार्टी के केन्द्रीय व प्रादेशिक नेतृत्व को बगैर विश्वास में लिए जारी किया था। प्रादेशिक नेतृत्व ने गंभीरता से लेते हुए मामले के पटाक्षेप के लिए दुर्ग संभाग प्रभारी संजीत विश्वकर्मा व घनश्याम चंद्राकर को दायित्व सौंपा गया था। दुर्ग संभाग प्रभारी द्वय द्वारा संजय सिंह के निष्कासन को गलत बताया गया और शुक्रवार को आप के दुर्ग शहर अध्यक्ष संजय सिंह के अपने पद पर यथावत बने रहने के आदेश भी उनके द्वारा जारी कर दिए गए है। प्रेसवार्ता आयोजित कर दुर्ग संभाग प्रभारी श्री विश्वकर्मा व श्री चंद्राकर ने कहा है कि, दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष डॉ. एसके अग्रवाल को पार्टी के किसी भी पदाधिकारी व कार्यकर्ता को निष्कासित करने का अधिकार नहीं है। इस दौरान दुर्ग संभाग प्रभारी द्वय के साथ शहर अध्यक्ष संजय सिंह, महासचिव दिवाकर सिंह ठाकुर, शिशिर झा, अशोक पटवा, शंकर ठाकुर, बलदेव साहू, सुरेश साहू के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कहा-मोहलत से पहले ही आरोप

आम आदमी पार्टी लोस अध्यक्ष डॉ. एसके अग्रवाल द्वारा अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।



दरअसल शहर अध्यक्ष संजय सिंह के निष्कासन मामले में पार्टी का प्रादेशिक नेतृत्व संजय सिंह के साथ खड़ा नजर आया। मुझे 5 दिसंबर को दोपहर 3 बजे कारण बताओ नोटिस मिला था, 3 दिन का इंतजार किए बिना पार्टी की प्रदेशस्तरीय बैठक में मुझे अपराधी घोषित कर दिया, यह आपकी मानसिक स्थिति को दर्शाता है।

## छग राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष दुर्ग जिले के प्रवास पर

# प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में बनेगा गौधाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छग राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने कहा कि, प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौधाम बनाए जाने की योजना है। गौधाम में मवेशियों के लिए बिजली, पानी और बाउंड्रीवाल तक की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होने बताया कि, इसके लिए राज्य शासन से योजना बनाने चर्चा की जा रही हैं।

- गौधाम के लिए बिजली पानी की होगी सुविधा

शुक्रवार को दुर्ग प्रवास के दौरान मोहलाई स्थित गौशाला पहुंचे अध्यक्ष ने कहा कि, गौधाम में इंबुलेंस और डाक्टरों की उपलब्धता प्राथमिकता में रहेगी। वही रसायनिक खाद की मोह से किसानों को दूर करने अभियान चलाया जाएगा। रसायनिक खाद से विष मुक्त फसल तैयार किया जाएगा। उन्होने कहा कि, आज कैंसर, बीपी जैसे खतरनाक बीमारियां लगातार रसायनिक खाद के कारण हो रही हैं। इसके लिए किसानों को जैविक खाद के लिए प्रेरित करेगे। उन्होने कहा कि, गौधाम के संचालन के लिए निजी संस्था व स्वयंसेवी संस्था से मदद ली जाएगी। वही गौधाम के संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। गौशाला के महासचिव प्रकाश नाहटा ने कहा कि, आज रासायनिक दवाओं के कारण परिवार में कलेश हो रहा हैं, जिसे दूर करने जैविक खाद का उपयोग कर कलेश मुक्त परिवार की परिकल्पना करना हमारा उदेश्य हैं।



### तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि से चर्चा के दौरान उन्होने कहा कि, गौ तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जाएगी, उन्होने इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को मजबूत कर सक्त कार्यवाही करेगें। बहुत ही जल्द गौ माता सड़को पर नजर नहीं आएंगे। इसके लिए आम नागरिको से भी सहयोग लेगें। छत्तीसगढ़ में गौमाता के संरक्षण व संवर्धन जल्द से जल्द होगा। इस अवसर पर कृष्णा गोशाला के अध्यक्ष कांतीलाल पारख, महासचिव प्रकाश नाहटा, लवकुश सिगरौल, सजय जैन, अनुप गटागट, दीपक तुमनें एवं सचिव राकेश सचेती सहित अन्य उपस्थित थे।

### कलेक्टर और एसपी को लिखा पत्र

अहिवारा ब्लाक के गोढी ग्राम के गौठान में मवेशियों की मौत मामले में अध्यक्ष ने कहा कि, मुझे इसकी जानकारी हैं। मैने कलेक्टर और एसपी को विगत चार दिसंबर को ही पत्र लिखकर जांच कराने कहा हैं। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बनने के बाद विशेषर पटेल का पहले बार आगमन हुआ। कृष्णा गौशाला मोहलाई दुर्ग पहुंचे विशेषर पटेल ने कहा गौ माता का संरक्षण संवर्धन कैसे हो, साथ ही कहा कि गाँव गाँव में जो गौठान बंद पड़े है। उन्हें गौधाम के रूप में परिवर्तन करेंगे। जहाँ गौ माता का निवास हो और स्वयं सेवी गौ माता का सेवा करेंगे और जो किसान धीरे धीरे गौमाता से दुर हो रहे है, उन किसानो को कैसे गौ माता से कैसे जोड़ा जाय। इस विषय में चिंतन करना है।

## जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 11 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर दुर्ग में 11 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक एलआईसी ऑफ इंडिया कुम्हारी शाखा द्वारा बीमा सखी केवल महिलाओं के लिए 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनका कार्यस्थल भिलाई-दुर्ग है। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास तथा आयु 21-45 वर्ष की आवश्यक है। इसी प्रकार पालीबाण्ड इंश्युलेंशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ब्यूजिनस डेव्हलपमेंट ऑफिसर के लिए 10, जुनियर एकाउण्टेंट 10, कम्प्यूटर ऑपरेटर 10, फिल्ड स्पेशीलिस्ट 20 और मेंटनेंस इंचार्ज के लिए 6 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनका कार्यस्थल भिलाई होगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता ब्युजीनस डेव्हलपमेंट ऑफिसर के लिए एमबीए, फाइनेंस, मार्केटिंग, सेल अनुभवी को प्राथमिकता, एकाउण्टेंट बीकाम, प्लस कम्प्यूटर टेली नॉलेज कम्प्यूटर ऑफिसर के लिए बीसीए, बीबीए, बीएससी कम्प्यूटर नॉलेज, फिल्ड स्पेशीलिस्ट के लिए आईटीआई इलेक्ट्रिशियन, फीटर, कोपा, डीजल मैकेनिक, अनुभवी को प्राथमिकता और मेंटनेंस इंजार्च के लिए बीई,बी टेक, मैकेनिकल इंजीनियरिंग शैक्षणिक योग्यता आवश्यक है। उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण सहित सभी दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ कार्यालयीन समय पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में उपस्थित हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बॉक्सर काव्य दिल्ली में दिखायेगी अपनी जौहर

**अंडा।** शाउमावि भिलाई के काव्य साहू पिता होमलेश्वर कक्षा 9वीं 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेल 6 दिसंबर से 15 दिसंबर तक मुक्केबाजी में 17 वर्ष बालिका 42 किग्रा



छत्तीसगढ़ के लिये प्रतिनिधित्व करेगी। यह 2 वर्षों से लगातार स्कूल मैदान व गांव के खेत में अभ्यास कर रही है। पहली बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखायेगी। यह हमारे बालोद जिला के लिए गौरव की बात है। जिले से बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी निकल रही है। शाला के प्राचार्य के लता वेणुगोपाल बच्चों को खेल के प्रति हमेशा प्रोत्साहन करती है। उन्होने आशीर्वाद प्रदान किया साथ ही कोच पीटीआई योगेंद्र यादव खिलाड़ियों का मदद करते हैं। संस्था के समस्त शिक्षक बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी।

### सजाओ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शिक्षक व छात्रों के लिये भव्य शिकसा द्वारा सजाओ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' के सयोजन में किया गया जिसमें लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने द्वार को रंगोली से सजाया गया। संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि इस सभी प्रतिभागी एक से बढ़कर एक रंगोली बनाया था जिसमें शिक्षक वर्ग से प्रथम स्थान शशिकला पाण्डेय उच्च वर्ग शिक्षक कुरुद भिलाई, द्वितीय स्थान छाया साहू शिक्षक डूमरपारा जिला सक्ति व तृतीय स्थान शिल्पी राय शिक्षक कुआंगोदी जिला बालोद वहीं विद्यार्थी वर्ग से प्रथम स्थान नैना निषाद पारागांव अभनपुर जि.रायपुर, द्वितीय स्थान सूर्यकांत वर्मा परसदा 5 (सोंठ)अभनपुर जिला रायपुर व तृतीय स्थान फाल्गुनी साहू ग्राम रॉवड पो.परसदा (जोशी) विखं फिंगेश्वर जिला गरियाबंद रहे। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन ने बताया कि इन सभी को पुरस्कार वितरित 05 जनवरी 2025 को होने वाले शिकसा महोत्सव कार्यक्रम में पुरस्कार वितरित किया जायेगा इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना पुरस्कार ग्रहण करें। इस अवसर पर प्रातांध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल, उपाध्यक्ष हर्षा देवांगन, प्रीतिचंद्र मल्लिका, विनोद डडसेना, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद देवांगन आदि उपस्थित थे।

## कोटनी में पंडवानी मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# पंडवानी संस्कृति व परंपराओं को सहेजने का एक अनूठा प्रयासः विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ग्राम कोटनी में लोक कला मंच पंडवानी रिंगनी एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित पंडवानी मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम क्षेत्र की समृद्ध लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को सहेजने और बढ़ावा देने का एक अनूठा प्रयास है।

इस कार्यक्रम में राजकुमार पांडेय अध्यक्ष, लोक कला मंच पंडवानी रिंगनी मनोज साहू सरपंच, ग्राम पंचायत कोटनी मनोज निषाद उप सरपंच, ग्राम पंचायत कोटनी डॉक्टर घनश्याम प्रसाद निषाद अध्यक्ष निषाद समाज दुर्ग जिला संगठन, पन्नालाल निषाद अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, भुनेश्वरी रीझन ठाकुर जनपद सदस्य, गिरीश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा, देवेंद्र यादव पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष, कमल निषाद महामंत्री राष्ट्रीय समन्वय समिति, राम सिंह निषाद पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कोटनी, दिव्या दिलीप साहू पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कोटनी, संचालक संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन देव प्रसाद साहू, चमन यादव, दिलीप साहू बूथ अध्यक्ष, डिकेश ठाकुर बूथ अध्यक्ष, राजेंद्र ठाकुर, लक्ष्मी साहू जिला पंचायत सदस्य, हेमलाल साहू लोक कला मंच, रोहित निषाद, चेतन देवांगन पंडवानी गायक और धनीराम निषाद उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में ग्राम कोटनी के निवासियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी संस्कृति के प्रति अपने प्रेम और गर्व को व्यक्त किया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा कि पंडवानी एक पारंपरिक लोककला है छत्तीसगढ़ के आस पास क्षेत्रों में प्रचलित है। पंडवानी की उत्पत्ति महाभारत की कथा से जुड़ी हुई है। इसमें महाभारत की कथा को गीत, संगीत और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। पंडवानी के कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में होते हैं और विभिन्न प्रकार के वाद्यों का उपयोग करके कथा को प्रस्तुत करते हैं।

पंडवानी का महत्व न केवल सांस्कृतिक और ऐतिहासिक है, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आज के समय में, हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की आवश्यकता है और हमारी विष्णु देव सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। कलाकार को सम्मान प्रदान कर रहे हैं, पंडवानी जैसी लोककलाओं का महत्व और भी बढ़ जाता है। हमें इन लोककलाओं को संरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए।

**कार्यक्रम में पहुंचे विधायक ने कलाकारों को किया सम्मानित**




## अंचल की खबरें

### सेन समाज भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आज

**धमधा।** संत शिरोमणि सेन समाज धमधा द्वारा 7 दिसंबर को वार्ड 7 में सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम सुनीता गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में रखा गया है। इसके लिये समाज द्वारा पाम्पलेट भी छपाया गया है। आयोजन नगर पंचायत धमधा को रखा गया है। निमंत्रण पत्र वितरित होते ही नगर में विवाद चालू हो गया है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि यह भवन सामुदायिक भवन है बीते दिवस एसडीएम धमधा के मध्य मामले में सबकी सहमति से यह मसला सुलझा था लेकिन आज फिर बिना क्षेत्रीय विधायक के बिना सूचना के एवं बिना नगर पंचायत के सहमति से किसके कहने से ऐसा निमंत्रण छप गया ये कुछ संदेह को जन्म दे रहा है। मामले में विवाद की स्थिति निर्मित होने की संभावना है वहीं सेन समाज पूरी तैयारी करने में लगा है। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत धमधा ओपी ठाकुर ने कहा कि मुझे कोई लोकार्पण की सूचना नही है। मैं तत्काल सामाजिक भवन में ताला लगवा रहा हूँ और पुलिस प्रशासन को भी सूचना दे रहा हूँ कि कोई विवाद की स्थिति निर्मित न हो।

■ विवाद होने की संभावना

### परियोजना अधिकारी को हटाने कर रहे प्रदर्शन



**धमधा।** परियोजना अधिकारी छाया सिंह के खिलाफ हो रही लगातार शिकायतों की वजह से ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने 4 थे दिन भी धरने पर बैठे रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अधिकारी छाया सिंह जब से धमधा में पदस्थ हुई है तब से कार्यकर्ताओं को बेवजह परेशान करती है। उनके खिलाफ वर वधु विवाह कार्यक्रम में काफी धांधली की शिकायत मुख्यमंत्री जनदर्शन में की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई है। अधिकारी अपना रौब दिखाती है। कोई भी कार्यक्रम हो ब्लॉक के सभी कार्यकर्ता को आमंत्रित नही करती केवल अपनी पसंद के कार्यकर्ताओं को ही आमंत्रित किया जाता है। कई कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है।

**लगाए गए आरोप निराधार हैं**

परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल एवं सेवा अधिकारी धमधा ब्लॉक छाया सिंह ने कहा कि मेरे ऊपर लगे आरोप निराधार है। मुझे धरने के बारे में कोई सूचना नही दिए हैं। मैं हर जांच के लिये तैयार हूं।

### अमृत मिशन से आ रहा है गन्दा पानी



**दुर्ग।** पुलगांव वार्ड क्रमांक 55 में अमृत मिशन नल जल योजना के अंतर्गत घर-घर स्वच्छ जल पहुंचने का वादा विफल होते नजर आ रहा है। पुलगांव के सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि अमृत मिशन के तहत बिछाए पाइपलाइन कई-जगह से फट गया है। पाइपलाइन लीकेज होने की वजह से घरों में दूषित पानी के साथ-साथ कीड़े और गंदा पानी आ रहे हैं। कहीं पर पानी में छोटी-छोटी मछली भी आने की शिकायत मिल रही है। वार्ड में पीलिया के मरीज मिलने की शिकायत मिल रही है। अगर सही समय पर पाइपलाइन को ठीक नहीं किया गया तो लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। नगर निगम और जनप्रतिनिधि इस समस्या का जल्द निराकरण करें।

## पक्का मकान, स्थानियों को नौकरी और प्रदूषण रोकने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** दुर्ग समीपस्थ औद्योगिक ग्राम रसमड़ा विकासखंड तह व जिला दुर्ग के लगभग 600 गरीब हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने, स्थानियों को उद्योगों में स्थाई नौकरी दिलाने एवं गांव सहित आस-पास के क्षेत्रों में उद्योगों द्वारा फैलाये जा रहे अंधाधुंध प्रदूषण पर



रोक लगाने मुख्यमंत्री एवं उप-मुख्यमंत्री, गृहमंत्री व जिले के प्रभारीमंत्री विजय शर्मा के नाम कलेक्टर को ज्ञापन पूर्व संरपंच एवं पूर्व उपाध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण मंडल भाजपा रामखिलावन यादव के नेतृत्व में सौंपा गया है। इसकी प्रतिलिपि लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं क्षेत्रीय विधायक व उपाध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा छत्तीसगढ़ शासन ललित चंद्राकर को भी मिलकर सौंपा गया है।ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2011-12 मगरीची रेखा के आवासहिनों से लेकर 2019-20 तक के आवासहिनों की सूची 6 नवंबर 2020 को ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा जीपीडीपी में अनुमोदित कर जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत को प्रेषित की जा चुकी है लेकिन खेद का विषय है कि 2011-12 से लेकर आज 2024 तक भी जिला एवं राज्य शासन प्रशासन में यह सूची स्वीकृति में पंजीकृत नहीं हो पाई है। ऐसे में जहां 588 लगभग 600 गरीब हितग्राहियों की हजारो परिवार आज केंद्र एवं राज्य शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित हो चुके हैं।

ज्ञात हो कि यहां के सैकड़ों किसानो ने हजारो एकड़ कृषि भूमि उद्योग विकास के लिए शासन को दे दिए थे कि ये सोचकर कि जमीन के बदले उनके परिवारों को अच्छी नौकरी मिलेगी जिंदगी संवरेगा लेकिन इस गांव के होनहार आईटीआई डिप्लोमा इंजिनियरिंग आदि शिक्षित प्रशिक्षित होकर भी यहां कई उद्योगो के बावजूद रोजगार की तलाश में यहां वहा भटक रहे है, वहीं यहा पर अन्य जिलों एवं राज्यो से लाकर 50-60 हजार रुपये तक के वेतनमान में रोजगार दिया गया है क्या यहां के स्थानीय बेरोजगार जिनके मांग में उद्योग लगा है जिन्होने उद्योग के लिए अपने पुश्तैनी जमीन दे दी है क्या उन्हे 15-20 हजार रुपये महीने की स्थाई नौकरी के हकदार नहीं है।

## गृहस्थ में रहकर अपने कर्तव्यों की पालन करने के साथ ही भगवत भक्ति करनी चाहिएः पं. लोकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

मजार चौक सेलूद में यादव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा वाचक पाथरी डोगरगढ वाले पंडित लोकेश महराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथावाचक ने संदीपनी आश्रम में एक गुरु के शिष्य रहे भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की कृपा हर भक्त को समान रूप से मिलती है। भगवान राजा और रंक में कोई भेद नहीं करते हैं। भगवान के बाल सखा सुदामा गरीब थे, लेकिन उनका एक-दूसरे के प्रति गहरा प्रेम और समर्पण था। कथावाचक ने भगवान के प्रति भक्ति में ऐसा ही समर्पण लाने की बात कही। उन्होंने गृहस्थ धर्म का पालन करने की सीख देते हुए कहा कि गृहस्थ में रहकर अपने कर्तव्यों की पालन करने के साथ ही भगवत भक्ति करनी चाहिए। कहा कि जब भी भक्त पर किसी प्रकार का संकट आता है और भक्त निश्छल भाव से भगवान को पुकारता है, भगवान भक्त के सभी दुख को दूर कर देते हैं। भगवान भाव के भूखे होते हैं।

■ श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र का किया वर्णन




सुदामा के संकट को भी भगवान कृष्ण ने दूर किया था। मौके पर जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, पाटन जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे, सेलूद सरपंच खेमिन साहू, मंडल अध्यक्ष लोकमणी चंद्राकर, खेमलाल साहू, उपसरपंच चंचल यादव, थानेश्वर, पंच रवि पटेल, नंदकुमार तिवारी, अर्जुन सिंह बंछोर, लखन सेन, देवनाथ यादव, सुरेन्द्र बंछोर, ईश्वर देवांगन, कालेश्वर शुक्ला, झम्मन यादव, अविनाश मिश्रा, त्रिभुवन यदु, शरद वर्मा, बलराम वर्मा, पीलुराम कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## उद्यानिकी व वानिकी के विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय में तीन दिवसीय इंटर क्लास स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। यह आयोजन उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सांकरा के अधिष्ठाता डॉक्टर अमित दिक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सांकरा के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सेवन दास खूंटे ने बताया कि महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ में विश्वविद्यालय स्तर से जोनवार स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 20 से 22 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले हैं। जिसकी तैयारी के लिए अंतर कक्ष खेल कूद प्रतियोगीता आयोजित किया था।

■ विश्वविद्यालय स्तर पर जोनवार होने वाले खेल स्पर्धा के लिए किया गया खिलाड़ियों का चयन



समापन समारोह में डॉ. दीक्षित ने छात्र जीवन में खेलकूद के महत्व को विस्तार से बताया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में रीले दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद, 100, 200, 400, 800 एवं 1500 मीटर दौड़, कबड्डी खो-खो, भाला फेंक, गोला फेंक, तवा फेक, बॉलीबॉल आदि प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें स्नातक, स्नाकोत्तर और पीएचडी के छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में डॉ. संदीप जोशी ने प्रतिभागी, रेफरीज, लाइनमैन, वॉलंटियरस को धन्यवाद ज्ञापित किए। इस आयोजन में डॉ. हरीश चंद्र, डॉ. संदीप जोशी, डॉ. सत्य प्रकाश के साथ-साथ दोनों महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**उतई।** नगर पंचायत के बाजार चौक उतई में भाजपाइयों द्वारा भाजपा शासन के 1 वर्ष पूर्ण करने पर पटाखे फोड़कर व मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। साथ ही दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जिन्होंने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा को बहुत से ऐतिहासिक सौगात दिए। 1 वर्ष होने के पूर्व ही करोड़ों रुपए रोड नाली, सड़कों, मनरेगा के निर्माण के लिए एवं समाजिक भवन एवं अन्य ऐतिहासिक कार्यों को शासन से प्रस्तावित कराकर दुर्ग ग्रामीण को एक नए आयाम में पहुंचाया। ऐसे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर को विधायक निर्वाचित हुए सफलता पूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर खूब बधाई दिए। इस दौरान जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, सोनू राजपूत, प्रवीण यदु, चंदू देवांगन, लक्ष्मी नारायण साहू, रूप नारायण शर्मा, नरेंद्र साहू, घनश्याम चंद्राकर आदि उपस्थित थे।



## कुम्हारी स्कूल में न्योता भोजन का आयोजन



**कुम्हारी।** शासकीय प्राथमिक शाला बाजार चौक कुम्हारी में बुधवार को नेवता भोज में 380 छात्र-छात्राओं को बेसन के लड्डू स्थानीय अनिल दीक्षित के द्वारा दिए गए। सहयोग करने वालों में अश्वनी देशलहरे, पंकज वर्मा, गीतेश्वर साडू, राहुल वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, मंजू ठाकुर प्रधान पाठक, जीएस टण्डन, आरिफ खान, मदन साहू, पवन चौधरी, रितु सिंह, नम्रता साहू आदि उपस्थित थे। अंत में बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## निधन

### कलीराम साहू



**भिलाई।** सेक्टर 5 भिलाई निवासी कलीराम साहू निधन 5 दिसंबर को हो गया। वे दुलेश्वरी साहू के पति और परस राम साहू के पिता थे।

## सेलूद धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



**सेलूद।** वृहताकार सहकारी समिति मर्यादित सेलूद पंजीयन क्रमांक 405 में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद आडिल द्वारा समिति में उपस्थित होकर धान बिक्री के संबंध में समिति के प्रबंधक से चर्चा किया। जिसमें उन्होंने बताया कि सेलूद सोसाइटी में अभी तक 28000 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, यहां पर प्रत्येक किसान को बोरा समय में, तौलाई पर्याप्त मात्रा में हो रहा है। किसानों को छाया, पानी बैठने के पर्याप्त साधन उपलब्ध है। अभी हमारी भाजपा सरकार द्वारा किसानों को महत्वपूर्ण योजना का लाभ दिया जा रहा है जिसमें की तत्काल अपने सुविधा मुताबिक 10000 रुपये तक निकाल सकते हैं जिससे किसानों को बैंक में लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। इस अवसर पर समिति के प्राधिकृत अधिकारी टामनलाल साहू, रामाधार यादव, मुक्तूराम साहू, पूर्व अध्यक्ष साहू समाज रोमनाथ साहू, चिंताराम साहू, रामलाल साहू आदि उपस्थित थे।

### -: आम सूचना:-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकारगण गौतमचन्द्र जैन पिता श्री जेठमल जैन एवं सलीम गोरी पिता श्री नूरदीन गोरी निवासी- दुर्ग की ओर से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशों के आधार पर आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि:-

मेरे पक्षकारगण के हक व स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम-अण्डा, प.ह.नं.-. 04, रा.नि.मं.-अण्डा, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के खसरा नम्बर-292/2 रकबा 0.2000 हेक्टेयर एवं खसरा नम्बर-291/2 रकबा 0.0050 हेक्टेयर का दिनाँक 12.12.2024 को मेरे पक्षकारगण के द्वारा सुबह 11:00 बजे सीमाँकन कार्यवाही किया जा रहा है जिस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय को जो भी आपत्ति हो अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

स्थान-दुर्ग (छ.ग.)
दिनाँक 06.12.2024

Chandrakant Chandel
Advocate
Distt. Court Durg
Mob.: 9827196162

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग

### -: आम सूचना:-

विषयः-सीमांकन/स्थल जांच हेतु।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ/12 आदेश दिनांक. 25/11/24 के आदेशानुसार आवेदक श्री निर्मला देशमुख आ./पति टेशुराम देशमुख निवासी कातुलबोर्ड ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 42 रा.नि.मं. तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 16/180 रकबा 0.0240 हे. का सीमांकन/स्थल जांच दिनांक 11/12/24 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नम्बर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक 05/12/2024

राजस्व निरीक्षक

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### चालक के मकान से जेवरात और नकदी पार

**भिलाई।** बीएसपी में ठेकेदारी पर काम करने वाले के मकान से ज्वेलरी समेत कुल 20 हजार रुपए की नकदी पार होने का मामला सामने आया है। शिकयत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 सड़क 82 क्वाटर 6 डी निवासी राजकुमार त्रिपाठी ने प्लांट मे ठेकेदारी मे गाड़ी चलाक है। घटना के दौरान उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। मकान में ताला जड़कर गुरुवार को नाइट ड्यूटी पर चला गया था। सुबह अपने घर लौटकर आया तो मकान का ताला टूटा था। मकान के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। पत्नी के चांदी के गहने गायब थे। 20 हजार रुपए नकदी भी नहीं मिला।

### प्रवर्तन विभाग ने 26 आवास कराए खाली



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा बेदखली कार्रवाई के लगातार तीसरे दिन सेक्टर 5 में 26 आवास खाली कराए। कब्जाधारियों को कब्जा नहीं करने की चेतावनी दी गई है। टीम ने सेक्टर पांच सड़क न. 6 के ब्लॉक नं. 3 तथा 4 के कुल 26 आवासों से कब्जाधारियों को बेदखल किया गया। माइकिंग के माध्यम से आवास को स्वतः रिक्त करने के लिए निर्देशित किया था। इस कारण कई कब्जाधारियों ने अपने आवास स्वतः खाली कर दिए तथा कुछ अन्य कब्जाधारियों को पुलिस बल की सहायता से बेदखल किया गया। प्रवर्तन अनुभाग द्वारा इस सभी आवासों को दोबारा कब्जा होने से बचाने इन आवासों के खिड़की दरवाजे आदि को निकाला दिया गया है तथा विद्युत विभाग द्वारा विद्युत विच्छेद कर दिया गया है।

### नगर राजभाषा समिति को मिला प्रथम पुरस्कार

**भिलाई।** सदस्य संस्थानों द्वारा कार्यालयीन कार्यो में हिंदी का प्रयोग तथा राजभाषा नीति के सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, (मध्य) भोपाल द्वारा 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई–दुर्ग' को वर्ष 2023–24 के लिए 'नराकास राजभाषा' के प्रथम पुरस्कार की घोषणा की गई है। पुरस्कार प्राप्ति पर नराकास, भिलाई–दुर्ग को सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) भारत सरकार गृह मंत्रलय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, (मध्य) भोपाल, हरीश सिंह चौहान, निदेशक प्रभारी, बीएसपी एवं अध्यक्ष नराकास, भिलाई–दुर्ग अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यपालक निदेशक बीएसपी पवन कुमार व महाप्रबंधक (जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा), तथा सचिव, 'नराकास, भिलाई–दुर्ग सौमिक डे ने नराकास को बधाई दी है। नराकास कार्यान्वयन समिति द्वारा राजभाषा हिन्दी को बढावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है।

# ईएसआईसी को मिले 4 उत्कृष्टता प्रमाण पत्र, क्षेत्रीय सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम रियाद में सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ईएसआईसी की उपलब्धियों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मान्यता मिली है। इससे एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में इसकी प्रमुख भूमिका रेखांकित किया गया है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) को उसके मोबाइल एप्लीकेशन (आस्क एन अप्वाइंटमेंट-एएए प्लस ) के लिए जूरी से विशेष उल्लेख के साथ एक उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटना और बीमारी, सतत निवेश और व्यवस्था में लचीलापन के लिए तीन उत्कृष्टता प्रमाण पत्र दिए गए हैं। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए) द्वारा सऊदी अरब के रियाद में आयोजित एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय सामाजिक सुरक्षा फोरम (आरएसएसएफ एशिया-पैसिफिक) में दिया गया। निगम की ओर से ईएसआईसी के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह ने ये पुरस्कार ग्रहण किया।

कार्यक्रम में कर्मचारी राज्य बीमा निगम को ये पुरस्कार, सामाजिक सुरक्षा लाभों की विभिन्न विधाओं पर अपनी सेवा प्रदान करने में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए गए। ये सम्मान भारत की कामकाजी आबादी को स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सुरक्षा सेवाएँ प्रदान करने में नवाचार, दक्षता और सामाजिक समावेशीता के प्रति ईएसआईसी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी द्वारा भिलाई में भी स्थित सौ बिस्तर ईएसआईसी अस्पताल का उद्घघाटन फरवरी माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने के बाद यहां चिकित्सा सेवाएं शुरु हो गई हैं।

## आस्क एन अप्वाएटमेंट-एएए प्लस और दुर्घटना, बीमारियों से राहत में योगदान को सराहा



### एएए प्लस देता है बीमितों पेशनधारियों को सेवा

एंड्रॉइड तथा आईओएस दोनों पर उपलब्ध ईएसआईसी का एएए प्लस (आस्क एन अप्वाइंटमेंट मोबाइल ऐप ) बीमित व्यक्तियों, लाभार्थियों, कर्मचारियों और ईएसआई पेंशनभोगियों को सेवा प्रदान करता है। यह अंग्रेजी, हिंदी तथा छह क्षेत्रीय भाषाओं सहित 8 भाषाओं में उपलब्ध है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य के साथ डिजाइन किया गया यह ऐप उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने, कतार में प्रतीक्षा किए बिना चेक-इन करने और अपने ई-हेल्थ रिकॉर्ड तक पहुंच बनाने की अनुमति देता है। पिछले दो वर्षों में, लाभार्थियों के लिए आधार सीडिंग, होम सैंपल कलेक्शन अनुरोध और विभिन्न ईएसआई लाभों के लिए पात्रता जांच जैसी नई सुविधाएँ जोड़ी गई हैं। इसके अतिरिक्त, फ़ार्मेसी काउंटरों पर प्रेसक्रिप्शन को प्राथमिकता दी जाती है जिससे एएए+ पर अपॉइंटमेंट के लिए कुशल सेवा सुनिश्चित होती है।

## इंटक प्रतिनिधिमंडल की सीजीएम के साथ हुई बैठक

# टाउनशिप में आवासीय समस्या को लेकर प्रबंधन पर बढ़ा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में कर्मियों की आवासीय समस्या को लेकर परेशानी बढ़ रही है। इसे देखते हुए यूनियनों ने सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम और लायसेंस पर आवास दिए जाने को लेकर प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है ।स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने मुख्य महाप्रबंधक से दोनों आवासीय स्कीम शीघ्र शुरु करने की मांग की है। यूनियन को फिलहाल बड़े आवासों को लायसेंस पर दिए जाने का आश्वासन मिला है।

इंटक के के प्रतिनिधिमंडल की सीजीएम टाउनशिप उत्पल दत्ता के साथ हुई बैठक में कर्मियों की परेशानियों से अवगत कराया गया। इंटक ने सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम जल्द शुरू करने के साथ 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस पर दिए जाने पर जोर दिया। साथ ही वेलकम स्कीम के तहत क्वार्टर के बाहरी हिस्से की भी पुताई करने एवं जल्द टारफेल्टिंग शुरू करने की भी मांग की मुख्य महाप्रबंधक ने कहा की सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम बंद करने का निर्णय उच्च प्रबंधन द्वारा गठित कमेटी द्वारा लिया गया है, लेकिन यूनियन की मांग को हम शीर्ष प्रबंधन तक पहुंचाएंगे । उन्होंने बड़े क्वार्टरों का लाइसेंस स्कीम जल्द शुरू होने का आश्वासन दिया ।

इंटक प्रतिनिधि मंडल ने टाउनशिप के मुख्य महाप्रबंधक से कहा कि सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम बंद करने से कर्मचारी एवं प्रबंधन दोनों का नुकसान है जहां कर्मचारियों को अतिरिक्त निर्माण के बदले कुछ राशि मिल जाया करती थी वहीं प्रबंधन को यह फायदा होता था कि उसे वेलकम स्कीम पर 60 -70 हजार रुपए नहीं खर्च करने पड़ते थे I लेकिन इस स्कीम के बंद होने से दोनों को नुकसान होगा, साथ ही क्वार्टर खाली होते ही इस पर अवैध कब्जे बढ़ेंगे और उसके बाद यदि अवैध कब्जो को खाली कराया जाता है तो कब्जेधारी उसमें और अधिक तोड़फोड़ करके क्वार्टर खाली करता है I इन समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द सब्जेक्ट टू वेकेशन शुरू किया जाए I मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि सब्जेक्ट टू वैकेशन स्कीम बंद करने का निर्णय शीर्ष प्रबंधन द्वारा गठित कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार हुआ है लेकिन यूनियन द्वारा उठाए गए मांगों एवं सुझाव को हम शीर्ष प्रबंधन तक पहुंचाएंगे।

### सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम जल्द शुरु करने की मांग



### जल्द मिलेंगे बड़े लायसेंसी क्वार्टर

इंटक प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हम लंबे समय से यह मांग करते रहे हैं कि टाउनशिप को अवैध कब्जों से बचाने के लिए 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को लाइसेंस स्कीम के तहत दिया जाए। यदि कीर्तिमानी उत्पादन करने वाले कर्मचारियों को बड़े मकान नहीं मिलेंगे तो उनका मनोबल गिरेगा। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि यूनियनों के सुझाव एवं मांगों को देखते हुए जल्द ही बड़े क्वार्टरों के लिए भी लाइसेंस स्कीम लाई जाएगी ।क्वार्टर में टारफेल्टिंग की मांग पर सीजीएम ने बताया कि एनबीसीसी के साथ एग्रीमेंट हुआ था अब हम जल्द तारफेल्टिंग का काम शुरू करेंगे और हमारा टारगेट यह है कि ज्यादा से ज्यादा शिकायतों का हम निवारण कर सके । यूनियन ने कहा कि वेलकम स्कीम में क्वार्टरों को अंदर से तो पुताई करते हैं लेकिन बाहर से पुताई नहीं करते हैं साथ ही कोर्टयार्ड की भी पुताई नहीं करते हैं। सीजीएम ने आश्ववस्त किया ।

### मेंटेनेंस में बंद करें भेदभाव

इंटक ने कहा कि क्वार्टर मेंटनेंस के मामले में अधिकारियों व कर्मियो में भेदभाव नहीं होना चाहिए। जिस जोन में अधिकारियों के क्वार्टर आते हैं वहां ज्यादा बजट दिया जाता है एवं जिस जोन में कर्मचारियों के क्वार्टर आते हैं वहां बजट की तंगी रहती है ऐसा भेदभाव ना किया जाए इस पर टाउनशिप प्रबंधन ने कहा कि अभी आरसीसी के तहत काम होंगे और किसी भी तरह के बजट की कमी नहीं आएगी । सिविल एवं इलेक्ट्रिकल सेक्सन में मैनपावर की कमी का मुद्दा उठाते हुए यहां मैनपॉवर बढ़ाने की मांग की । बैठक में महाप्रबंधक विष्णु पाठक उप महाप्रबंधक राघवेंद्र गर्ग इंटक यूनियन से महासचिव वंश बहादुर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष पूरण वर्मा, वरिष्ठ सचिव ज्ञानेंद्र पांडेय,। । सचिव प्रकाश माहले उपस्थित थे।

# हाउस लीज योजना रोकने से श्रमिकों के परिवारों का भविष्य है अंधेरे में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र परगनिया ने वार्ता में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) द्वारा हाउस लीज योजना को लेकर अन्याय किया जा रहा है। इसके खिलाफ हाउस लीज संघर्ष समिति आवाज बुलंद करेगी।

- मांग पूरी नहीं होने पर अनशन
- प्रेस कान्फ्रेंस में बोले राजेंद्र परगनिया बीएसपी प्रबंधन कर रहा अन्याय

हाउस लीज समिति के के अध्यक्ष राजेंद्र परगनिया ने यहां पत्रकारवार्ता में उक्त जानकारी देते हुए कहा कि 1991 से संयंत्र प्रबंधन द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कर्मचारियों की छंटनी की गई और ठेका श्रमिकों का शोषण बढ़ाया गया। हाउस लीज योजना को भी रोक दिया गया, जिससे हजारों परिवारों का भविष्य अंधकार में डूब गया है।

परगनिया ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा 4 सितंबर 2023 को तत्कालीन कलेक्टर के पत्र के माध्यम से सभी जमीनों को शासन के पक्ष में वापस लेने की मांग की गई है, जिससे स्थानीय विकास रुक गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संयंत्र प्रबंधन मात्र मुनाफा कमाने में लगा हुआ है और स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने कहा कि ठेका श्रमिकों का संयंत्र प्रबंधन द्वारा शोषण किया जा रहा है और स्थानीय लोगों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

### स्थानीय विकास कार्य बाधित हो रहे हैं

समिति ने 15 दिसंबर को सिविक सेंटर के समीप बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है। स्थानीय पार्षद, पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक, सांसद विजय बघेल को आमंत्रित किया गया है। यदि मांगें पूरी नहीं होती हैं तो समिति आमरण अनशन पर बैठने के लिए बाध्य होगी। पार्षद चंद्रभान ठाकुर ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन को स्थानीय लोगों के हितों का ध्यान रखना चाहिए।

# टाउनशिप की सड़कों का हो रहा है चौड़ीकरण, आवागमन होगा सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा टाउनशिप के जनसामान्य में आवागमन को अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के लिए पार्किंग, सड़क चौड़ीकरण, चौकों का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य किया जा रहा है। इससे खराब सड़कों के कारण संभावित दुर्घटना में भी कमी आएगी।

- लोगों को दुर्घटना से मिलेगी मुक्ति

बीएसपी द्वारा सभी सड़कों के उन्नयन का कार्य किया जा रहा है।

टाउनशिप में कुल 580 किलोमीटर सड़कें हैं। अब तक कुल 2 लाख वर्ग मीटर सड़क की रिकार्पेटिंग का कार्य नगर सेवाएं विभाग द्वारा किया जा चुका है। इसमें पं. रविशंकर शुक्ल मार्ग, सेकटर–6 की क्रास स्ट्रीट सड़कों का कार्य किया जा चुका है।

मिराज सिनेमा से सेंट्रल एवेन्यू तक की रोड नं. 4, नेहरु नगर फ्लाई ओवर से सेक्टर8 चौक होते हुए पंथी चौक तक एवं 32 बंगला से तालपुरी चौक तक सड़क का चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। भारी ट्रकों की आवाजाही के कारणवश खराब हो चुके संयंत्र की रोलिंग मिल गेट, खुर्सीपार से रोलिंग मिल जाने वाली सड़क के जीर्णोधार का काम हाल ही में नगर सेवाएं विभाग द्वारा पूरा किया गया है। भिलाई टाउनशिप की मुख्य सड़कों में से एक सेन्ट्रल एवेन्यू की रिकार्पेटिंग का काम पूरा किया जा चुका है।



### सेंट्रल एवेन्यू में हो रही लेन मार्किंग

पं. रविशंकर शुक्ल सेंट्रल एवेन्यू मार्ग की लेन मार्किंग का कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। सेंट्रल एवेन्यू सड़क पर लेन मार्किंग की जा रही हैं। फारेस्ट एवेन्यू में डिवाइडर निर्माण के साथ–साथ सेन्ट्रल एवेन्यू से सेक्टर 6 मार्केट तक की सड़क के मरम्मत की योजना भी प्रस्तावित है। मुख्य चौराहों पर यातायात नियंत्रण के लिए सड़क चौड़ीकरण, पार्किंग निर्माण समेत ट्राफिक सिग्नल एवं दुर्घटना रोकथाम हेतु उच्च गुणवत्ता–युक्त कैमरे आदि लगाये जा रहें हैं।

# सड़क सुरक्षा के लिए शासन को दिए एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग की ओर से शुक्रवार को मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को 1 करोड़ रूपये का चेक दुर्ग जिले में सड़क सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए सौंपा। इस अवसर पर एडिशनल एसपी अभिषेक झा और बीएसपी से सहायक महाप्रबधगक आर गर्ग, वरिष्ठ प्रबधक सुशील कामड़े भी उपस्थित थे।

जिले में सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना प्रस्तावित है। बीएसपी से पुलिस प्रशासन ने सहयोग का आग्रह किया था। उल्लेखनीय है कि इस्पात नगरी भिलाई सहित दुर्ग जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग की आवश्यक हो गई है।



- लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

# कोर्ट ने मणप्पुरम फायनेंस लि. की मैनेजर की दूसरी बार खारिज की बेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एक ठग द्वारा लक्ष्मी ज्वेलर्स रिसाली से बेईमानी से खरीदे गए 19 लाख के सोने के जेवरातों को अवैध रुप से गिरवी रखे जाने के मामले में मणप्पुरम फायनेंस कंपनी लिमिटेड रिसाली की ब्रांच मैनेजर लक्ष्मी यादव की जमानत अर्जी दूसरी बार कोर्ट ने खारिज कर दी है। गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग की कोर्ट में आरोपी यादव की ओर से लगाए गए जमानत आवेदन को इस अदालत ने निरस्त कर दिया। कोर्ट में अधिवक्ता ललित तिवारी व अधिवक्ता गौरव सोनी द्वारा आपत्ति दर्ज की गई थी। इसके पूर्व भी मैनेजर आरोपी के जमानत आवेदन को अधिवक्ता की आपत्ति पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी दुर्ग ने निरस्त किया था। बताते हैं कि आरोपी के जेल जाने से मणप्पुरम कंपनी रिसाली में पिछले दो दीन दिनों से चिंतित ग्राहकों की भीड़ लग रही है। इसके चलते बैंक के गेट को बीच बीच में कुछ देर लिए बंद रखा जा रहा है। गोल्ड लोन लेने वालों में चर्चा है कि मणप्पुरम कंपनी में भिलाई की घटना के पूर्व भोपाल, चेन्नै में भी मनि लांड्रिंग की जांच चलने की घटना से चिंतित हैं। गौरतलब हो कि नेवई पुलिस ने एक दिसंबर को आरोपी लक्ष्मी यादव को आरोपी विवेक शर्मा शांति नगर से मणप्पुरम फायनेंस लिमिटेड में अवैध रुप से 23 तोला सोने के आभूषण गिरवी रखे जाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुख्य आरोपी विवेक द्वारा लक्ष्मी ज्वेलर्स रिसाली से 19 लाख के जेवर खरीदने के एवज में ज्वेलरी दुकान के संचालक हेमंत सोनी को दिए चार चेक बाउंस होने के मामले में संचालक ने जुर्म दर्ज कराया था। इसके बाद दो माह पूर्व गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस के सामने मणप्पुरम बैंक में जेवरात गिरवी रखा जाना कुबूल था। लेकिन मैनेजर लक्ष्मी द्वारा पुलिस को गिरवी रखे सोने का जब्तीनामा बनाने नहीं दिया जा रहा था। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। अब आरोपी गौरव व आरोपी लक्ष्मी यादव दोनों जेल में हैं।

- बैंक में पूछताथ के लिए जुट रहे लोग

One Way Taxi
अब आपके पास के
भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर
में उपलब्ध हो गयी है।


CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को दुर्ग-भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
7489534456, 8319268069
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 7 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129



02



डरबन में खेले गए कामनवेल्थ में राजेश ने जीता गोल्ड, लहराया तिरंगा


**लाइव इवेंट**

## ट्रांसपोर्टर पहुंचे फिटनेस सेंटर कचांदुर, जल्द सीएम से मिलेंगे



**भिलाई।** वाहनों के फिटनेस को लेकर सामने आ रही परेशानियों को लेकर ट्रांसपोर्टरों ने आरटीओ के कचांदुर स्थित फिटनेस सेंटर का अवलोकन किया। ट्रक-ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में समस्त यूनियन के प्रतिनिधि इससे पहले अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी रविशंकर से रायपुर में मिले। उन्होंने फिटनेस सेंटर में आ रही परेशानियों से अवगत कराया। ट्रांसपोर्टर्स ने परेशानियों को साझा किया। डी रविशंकर की सलाह पर शुक्रवार को आरटीओ फिटनेस सेंटर कचांदुर पहुंचे। इस दौरान में आरटीओ निरीक्षक विकसा शर्मा ने उन्हें फिटनेस सेंटर में होने वाले कार्यों की जानकारी दी। संगठन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी इस दौरान मौजूद थे। इसके बाद फिटनेस सेंटर मैं वरिष्ठ आरटीओ की मौजूदगी में बैठक हुई। फिटनेस में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन निरीक्षक ने दिया। इसके उपरांत सभी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि मण्डल ने जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह छोटू, छत्तीसगढ़ बलकर एसोसिएशन के अध्यक्ष मलकीत सिंह लल्लू, छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, दुर्ग ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष गुरदीप सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

- **इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में ट्रांसपोर्टरों ने सेंटर का किया अवलोकन**

**सिटी इवेंट**

## स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अभिनव ने दिलाया गोल्ड



**भिलाई।** 16वीं छत्तीसगढ़ स्टेट सीनियर पुरुष एवं सीनियर महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन हाउसिंग बोर्ड के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। इसमें अभिनव नंदी ने 85 से 90 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अभिनव ने शुरुआत से ही आक्रामक प्रदर्शन करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम से खेल रहे ओम मिश्रा को नॉकआउट मारा। जिसके बाद रेफरी आरएससी करार दिया, और अभिनव को विजयी घोषित किया। बता दें कि 27 वर्षीय अभिनव बॉक्सिंग में नेशनल मेडलिस्ट आशीष नंदी के पुत्र है। अब तक 4 नेशनल खेला है। जिसमें दो मेडल जीते हैं। स्टेट चैंपियशिप में 7 बार हिस्सा लिया, जिसमें 6 गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता था। अभिनव ने बताया कि उसने बचपन से अपने पिता को बॉक्सिंग करते देखा, उसके पिता ही उसके प्रेरणास्त्रोत है और उन्हीं की ट्रेनिंग से आज उसने इस मुकाम को हासिल किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन थे। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ स्टेट बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. राजेंद्रन, जनरल सेक्रेटरी सीएम ठाकुर एवं सेक्टर 1 स्टार बॉक्सिंग क्लब के अध्यक्ष बीरेंद्र यादव और कमेटी मेंबर प्रदीप राय, बैनर्जी दादा, लालमन यादव के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

- **बीएसपी के ओम मिश्रा को नॉकआउट मारा**

**सिटी इवेंट**

## तीन दिवसीय सेमीफाइनल का आगाज, नारायणपुर 28 रन पर ढेर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप का सेमीफाइनल मैच अलग-अलग क्रिकेट मैदान में खेला जा रहा है। शुक्रवार को न्यू ग्राउंड कांकेर में राजनांदगांव और नारायणपुर के बीच मैच की शुरुआत हुई। नारायणपुर की पहली पारी महज 28 रन पर आउट हो गई। राजनांदगांव के गेंदबाज कुणाल साहू ने सात विकेट चटकाए। अर्षवीर भाटिया ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। जवाब में राजनादगांव की पहली पारी 135 रन पर आउट हो गई। नारायणपुर के अमन उसेंडी ने तीन विकेट लिए। नारायणपुर की दूसरी पारी में 6 विकेट गिर चुके हैं। टीम ने सिर्फ 45 रन बनाया है। धमतरी में बिलासपुर ब्लू और सरगुजा के बीच मैच खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने पहली पारी में 202 रन बनाए। आर्यन जायसवाल ने 93 रन बनाए। सरगुजा के गेंदबाज अविनाश ठाकुर ने सात विकेट लिए। जवाब में सरगुजा ने पहली पारी में चार विकेट पर 86 रन बना लिए हैं। दोनों मैचों की विजेता टीमें फाइनल मैच खेलेंगी।



- **सीएससीएस द्वारा अंडर-19 प्लेट ग्रुप स्पर्धा का आयोजन**

● दुकानों में 5 से 30 हजार रुपए तक की छोटी-बड़ी साइकिलें बाजार में उपलब्ध

# विंटर सीजन के आते ही सेहत बनाने साइकिलिंग का बढ़ा प्रचलन, हर दिन औसतन 15 से 20 साइकिल की बिक्री

विंटर यानी ठंड का सीजन आते ही साइकिलिंग का चलन बढ़ गया है। हर दिन सुबह साढ़े 5 बजे से 9 बजे से प्रमुख ग्राउंड, उद्यानों और कॉलोनी क्षेत्रों में लोगों को साइकिलिंग करते आसानी से देखा जा सकता है। एक समय ऐसा भी था, जब लोगों के घरों में साइकिल होना बड़ी बात होती थी। इसके बाद अब महंगी गाड़ियों का दौर चल पड़ा है। घरों से साइकिल गायब हो चुकी है, लेकिन बिगड़ते सेहत ने एक बार फिर साइकिल ने फिर से घरों में जगह बनाना शुरू कर दिया है। इस बीच यूथ ही नहीं बल्कि हर वर्ग के लोग सेहत बनाने व प्रदूषण कम करने के लिए एक बार फिर एडवेंचर और सेहत के लिए साइकिलिंग को तवज्जो देने लगे हैं। इससे पुराने पैटर्न की साइकिल बेचने वालों के शॉप में नई डिजाइनिश साइकिलें देखनों को मिल रही है। बाजार में यह 5 हजार से 30 हजार तक रुपए तक में उपलब्ध है। साइकिल दुकान संचालकों के मुताबिक हर दिन औसतन 15 से 20 साइकिलों की बिक्री हो रही है, सामान्य दिनों में यह 10 के करीब रहती है।

**भिलाई।** समय के साथ शहर की आबोहवा ने प्रदूषण के ग्राफ को बढ़ाया है। सड़कों पर डीजल, पेट्रोल से चलने वाली नाड़ियों के दूषित को एक बड़ी बजह के रूप में विशेषज्ञ देखते हैं। हरिभूमि ने बदलते दौर में साइकिलिंग करने वालों की सुध ली। बाजार में सामान्य से लेकर रेसिंग बेस्ड साइकिल को विशाल रेंज उपलब्ध है। दुकान संचालकों ने बताया कि शहर में करीब 15 बड़े डीलर्स हैं। इसके अलावा 50 से ज्यादा जगहों पर हर तरह की साइकिल उपलब्ध है। इनके पास से हर महीने पुराने और नए पैटर्न की करीब 5000 से ज्यादा साइकिलें बिकती हैं। इसमें मध्यमवर्गीय और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की संख्या ज्यादा है। विद्यार्थी और छोटे बच्चे भी साइकिल खरीदने पहुंचते हैं। ठंड के दिनों में सैर सपाटे और सेहत बनाने को लेकर लोगों में खासी उत्सुकता रहती है। उनमें से कुछ लोग साइकिलिंग पसंद करते हैं। इस वजह से अचानक से साइकिलों को डिमांड बढ़ गई है। डॉक्टर भी मानते हैं कि साइकिल से पूरे शरीर की वर्जिश हो जाती है। सेहत तंदुरुस्त रहता है। डॉ. अनिल अग्रवाल बताते हैं कि साइकिल एक सबसे अच्छा व्यायाम है। इससे पूरे शरीर को फायदा होता है। एक डॉक्टर होने के नाते मेरी सलाह है कि कम से कम आधे घंटे साइकिलिंग जरूर करनी चाहिए। आप यदि चाहें तो इससे ज्यादा समय भी साइकिलिंग की जा सकती है। स्कॉटलैंड से साइक्लिंग पर एक स्टडी हुई है। यह स्टडी कहती है कि अगर आप रोज ऑफिस साइकिल से जाते हैं और अपने रोजमर्रा के कामकाज के लिए साइकिल का इस्तेमाल करते हैं तो यह न सिर्फ पर्यावरण के लिए, बल्कि आपकी मानसिक और शारीरिक सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है।




### एक रिसर्च के मुताबिक डिप्रेशन और एंग्जाइटी से मिलती है राहत



एक स्टडी के मुताबिक साइकिलिंग से डिप्रेशन और एंग्जाइटी में सबसे ज्यादा फायदा होता है। स्टडी इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी नाम के एक जर्नल में रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। इसमें बताया गया है कि 16 से 74 वर्ष के 3,78,253 लोगों का अध्ययन किया। 5 साल तक चली इस स्टडी में पाया गया कि जो लोग रोज साइकिल चला रहे थे, उनमें डिप्रेशन और एंग्जाइटी का लेवल 15 फीसदी तक कम था। वजन नियंत्रित था। शरीर के हर हिस्से की एक्सरसाइज हुई। गहरी सांस लेने से फेफड़े मजबूत हुए। इसे कार्डियोवस्कुलर हेल्थ के लिए बहुत प्रभावी वर्कआउट माना गया।



### एक्सपर्ट्स की मानें तो साइकिलिंग के ये भी फायदे

**वजन कंट्रोल में रहेगा**

अगर आप रोज हाई इंटेंसिटी से साइकिल चलाते हैं तो आप ढेर सारी कैलोरी बर्न करते हैं। कैलोरी खर्च करना बॉडी वेट को नियंत्रण में रखने के लिए जरूरी है। साथ ही साइकिल चलाने से लीन मसल्स भी बनती हैं।

**साइकिल चलाने से पैर होंगे मजबूत**

साइक्लिंग में वैसे तो पूरा शरीर फंक्शन करता है, लेकिन पैर सबसे ज्यादा एक्टिव रहते हैं। इससे पैरों, कंधों और भुजाओं की मसल्स मजबूत होती हैं। लेकिन अगर आपके घुटनों में दर्द या कोई परेशानी है तो ज्यादा साइकिल चलाने से बचना चाहिए।

**चोट के दर्द से उबारती है साइकिलिंग**

किसी एक्सिडेंट या बड़ी चोट से शरीर को खासा नुकसान होता है। उसे हील करने की खातिर किए गए बेड रेस्ट से चोट तो ठीक हो जाती है, लेकिन शरीर का फिटनेस लेवल खराब हो जाता है। अगर पैर में चोट न आई हो तो डॉक्टर फिटनेस के लिए साइक्लिंग करने को कहते हैं।

**हार्ट अटैक का खतरा भी होता है कम**

जनरल प्रैक्टिसनर डॉ. अनिल अग्रवाल बताते हैं कि साइक्लिंग करने से एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है और एचडीएल यानी अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। इससे कार्डियोवस्कुलर हेल्थ अच्छी होती है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक्स का खतरा भी कम होता है।

# दिव्यांगजनों ने लगाई जलेबी के लिए दौड़ गोला फेंक, कुर्सी दौड़ का उठाया लुत्फ

**भिलाई।** दिव्यांग वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान (मूक बधिर शाला) सुपेला में किया गया। शुक्रवार को आयोजित प्रतियोगिताओं में मुख्य रूप से दिव्यांग बच्चों ने क्रिकेट, जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, गोला फेंक, कुर्सी दौड़ एवं अन्य प्रतियोगिताओ में हिस्सा लिया। सभी दिव्यांगों को पुरस्कृत किया गया। इस खेल समारोह में प्रकाश गोल्छा, अशोक सूरी, सचिव विपिन बंसल, डीएस भाटिया अध्यक्ष व्यापरी संघ भिलाई, जगदीश आहूजा, नितिन खरचे, देवकी गोलछा, प्रशांत गोलछा, प्रखर गोलछा, प्राचार्य राजेश पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।



**दिव्यांग वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का किया गया आयोजन**





## खेती किसानी करने वाले का चयन राज्य प्रशासनिक सेवा में



**भिलाई।** ग्रामीण पृष्ठभूमि के खेती-किसानी करने वाले हितेन्द्र उइके ने छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वर्ष 2023 के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा की परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण की है। वे ग्राम टेकापार के मूल निवासी हैं। वर्ष 2012 से 2021 तक शासकीय डीएमएस उमावि महासमुंद में विज्ञान सहायक थे। वर्ष 2020 से 2024 तक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा गुण्डरदेही में विज्ञान शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ अपने दादा तुलसी राम के साथ अपनी पुस्तैनी कृषि कार्य में सहयोग किया करते थे। खेती किसानी करने वाले अर्थात धान, गेंहू, मछली फार्म हाउस में काम करने वाले तथा साग सब्जियों को बेचने के लिए साइकिल से आसपास के गांवों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में बेचने जाया करते थे। वह घर में गाय बैलों के लिए चारा, भूसा गोबर-कचरा घुरूवा में डालना, खाद तैयार करना और गाय बैलों को नहलाने से लेकर सभी कृषि संबंधी सारी बुनियादी कार्य अपने दादा से सीखा। हितेन्द्र की प्राथमिक और मिडिल स्तर की शिक्षा टेकापार में हुई और हाईस्कूल लाटाबोड तथा विज्ञान संकाय में स्नातक की पढ़ाई शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद से हुई।

**कार्नर न्यूज**

भिलाई पब्लिक स्कूल का खेल दिवस, रिसाली महापौर हुईं शामिल

# फील्ड इवेंट और मजेदार खेलों ने किया रोमांचित पहले तीन स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई पब्लिक स्कूल ने अपने वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया। इसमें स्कूल ने शारीरिक शिक्षा और खेल भावना को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। स्कूल के लोगो वाले रंगीन गुब्बारों को छोड़ने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्वागत नृत्य और ऊर्जावान ज़ुम्बा प्रदर्शन ने दिन के उत्सव के लिए मंच तैयार किया। मुख्य अतिथि रिसाली महापौर शशि सिन्हा थीं। विशेष रूप से सभापति केशव बांछोर, एमआईसी मेंबर सनीर साहू, सामाजिक कार्यकर्ता जानकी रमैया मौजूद थे। प्रिंसिपल हरविंदर कौर उप्पल ने खेलों में अनुशासन, टीम वर्क और चरित्र निर्माण के महत्व पर बल दिया। अतिथियों ने भी प्रेरक शब्द साझा किए, छात्रों को जीवन के सभी पहलुओं में उत्कृष्टता की ओर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।





### छात्र परिषद के सदस्यों ने संभाली व्यवस्था



आयोजन के दौरान पूरी व्यवस्था छात्र परिषद के सदस्यों ने संभाली। छात्र परिषद के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हेड बॉय दीपक राय, हेड गर्ल सना खातून, स्पोर्ट्स कैप्टन हर्षवर्धन और वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन चंचल वर्मा ने अपने उत्साह और ऊर्जा से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अतिथियों, अभिभावकों और छात्रों को वार्षिक खेल दिवस 2024 को एक यादगार सफलता बनाने के लिए अंत में आभार व्यक्त किया गया।

### फील्ड इवेंट्स और रोमांचित करने वाली खेल स्पर्धाएं हुई

कार्यक्रम में ट्रैक और फील्ड इवेंट, टीम स्पोर्ट्स और मजेदार गेम्स सहित विभिन्न रोमांचक खेल प्रतियोगिताओं की सुविधा थी। छात्रों ने पूरे दिन उत्साह, खेल भावना और टीम वर्क का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर, हमारे स्कूल के निदेशक एचपीएस उप्पल, प्रिंसिपल हरविंदर कौर उप्पल, हेड मिस्ट्रेस बेट्सेबा रानी, ऑफिस सुपरिंटेंडेंट पल्लवी भुरे, बैक ऑफिस हेड मीना देशमुख और समस्त शिक्षक और कार्यालय कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया।

## सिटी इवेंट

# दिव्यांग ब्लड डोनर और वेट लिफ्टर को किया सम्मानित




■ राशिचक्र बाल उद्यान नेहरूनगर में आयोजित हुआ समारोह

**भिलाई।** दिव्यांग सुषमा महिला स्व-सहायता समूह और रोटी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नेहरू नगर स्थित राशिचक्र बाल उद्यान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शान्त कुमार देठे ने की। आयोजन में मुख्य अतिथि उल्का द्विवेदी रहीं। उन्होंने दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन किया। विशेष अतिथि सुमन ठाकुर ने दिव्यांग महिलाओं को स्व-रोजगार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बालोद, करंजा-भिलाई, पॉवर हाउस, बैकुंठधाम, उतई, दुर्ग-भिलाई से आए 10 दिव्यांगों का नामांकन हुआ, उन्हें शासन से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अनेकों जानकारी दी गई। उनकी विभिन्न मांगों व समस्याओं को समक्ष रखा गया। दिव्यांग व्रजेश लोनिया को रक्तदान के लिए और वेट लिफ्टर अश्वन कुमार को खेल में योगदान के लिए बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जानकी कुर्रे, खेमराज, सत्यवती, संगीता, कोमदास राजेन्द्र, शोभा गुप्ता, शांति, रोहिणी, संजय, विकास, प्रेम, प्रदीप उपस्थित रहे।

## सिटी लाइव

# फायर फाइटिंग के साथ जीवन में उपयोग आने वाले कामों को बताया



■ बीएसपी स्कूल सेक्टर-4 में हुआ पांच दिवसीय शिविर

**भिलाई।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स दुर्ग द्वारा बीएसपी स्कूल सेक्टर-4 में पांच दिवसीय जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से स्काउट्स-गाइड्स को प्रेरित किया गया। फायर फाइटिंग के साथ भविष्य में उपयोग आने वाली वस्तुओं के बारे में जानकारी दी गई। भविष्य में स्काउटिंग के प्रति अपना सहज योगदान देते हुए प्रेरित किया गया। डॉ. कुंदन जोगी ने प्राथमिक सहायता उपचार, सांप- बिच्छू से बचाव, मरीजों को दिए जाने वाले सीपीआर, व्यक्तितत्व विकास के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जुगल किशोर साहू ने बच्चों को व्यक्तित्व निर्माण, आत्म शोधन, कमियों को दूर करने के टिप्स दिए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशिक्षक अशोक देशमुख, पदेन आयुक्त और डीईओ अरविंद मिश्रा, बालक दास राऊत, अमिता हरमुख, बीएल साहू, पारस कुमार रात्रे, वीरेन्द्र यदु, देवेन्द्र देवांगन, अविनाश, करूणा राजपूत, नोमिन साहू, माया एस. पेठकर आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# राज्य स्तरीय मुक्केबाजी में जीता स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

**भिलाई।** 16 वीं राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में सेक्टर 1 क्लब को 1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सीनियर पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप हाउसिंग बोर्ड के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक में 2 से 4 दिसंबर के मध्य आयोजित हुई। विजेताओं में सोनम 45 से 50 किलोवर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सुप्रिया गुप्ता ने 50 से 55 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीता। मयूर चंद्रप्रसाद ने 60 से 65 किलोवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। उन्हें छत्तीसगढ़ स्टेट बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. राजेंद्रन, जनरल सेक्रेटरी सीएम ठाकुर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सेक्टर 1 स्टार बॉक्सिंग क्लब के अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, पीके राय, बैनर्जी दादा, करण सोनकर, सुमन, नंदू राम टेके, आर. राजू, सुशील, हितेश साहू, कुलदीप सोनकर सहित अन्य मौजूद थे।



## धर्म इवेंट

# बसंत पंचमी पर 2 फरवरी को रामायण पाठ का होगा आयोजन



**भिलाई।** शिव शक्ति मानस परिवार के तत्वावधान में बसंत पंचमी पर 2 फरवरी को रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। सुबह 5 बजे मंडली द्वारा नगर भ्रमण किया जाएगा। भगवान रामचंद्र जी की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया जाएगा। गाना बजाना करते भगवान राम का जयकारा लगाया जाएगा। समिति के सदस्य अनुज साहू, संतराम दीवार, तिजोरी दीवार, लेखराम साहू, डबल कुमार धीवर, नरेश धीवर, तेजराम, गिरी गोस्वामी सहित ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। विधि-विधान से अन्य संस्कार संपन्न कराए जाएंगे।

● दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा सहित अन्य जगहों पर हुए अलग-अलग कार्यक्रम

# महापरिनिर्वाण पर बाबा साहेब को किया याद 175 लोगों ने रक्तदान कर दिया समभाव का संदेश

**भिलाई।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की शुक्रवार को पुण्यतिथि थी। 14 अप्रैल 1891 को उनका जन्म हुआ था। वहीं 6 दिसंबर 1956 को उनका स्वर्गवास हुआ था। हर साल उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार उनके अनुयायियों ने इस दिन को खास बना दिया। 175 लोगों ने संविधान के अधिकारों और समभाव का संदेश देते हुए रक्तदान किया। ताकि जरुरत के समय मरीजों को ब्लड उपलब्ध हो। मुख्य रूप से तीन जगहों पर महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6, अंबेडकर नगर उरला और मल्टीपरपस सोसाइटी व एचडीएफसी बैंक के सहयोग से जिला अस्पताल दुर्ग में शिविर का आयोजन किया गया। जहां क्रमशः 85, 57, 33 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया।






**जागरुकता रैली निकालकर दिया संदेश**

समता सुरक्षा सेना ने उरला में शिविर लगाया। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी एवं सिविल सर्जन डॉ. हेमन्त साहू, नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. पीयूष श्रीवास्तव की मौजूदगी में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. रोशनी वर्मा, डॉ. अरविंद, डॉ. खुशबू, सती गुप्ता, तरुणा रावत, काउंसलर टीएस एंथोनी, महेंद्र, मधुसूदन, दिनेश तरन्नुम, कृष्ण कांत, काजोल, हिमांशु सहित अन्य मौजूद थे।

## पावर हाउस चौक पर श्रद्धांजलि सभा, दिल्ली में तैयार हो रहा स्मारक



**भिलाई।** डॉ. अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर परिनिर्वाण समिति और प्रतिमा प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंबेडकर चौक पावर हाउसमें विशाल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न अंबेडकरवादी संस्थाओं एवं मोहल्लों से मौन रैलियां निकालकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। सभा के मुख्य अतिथि दिलीप वासनिकर आईएएस थे। अध्यक्षता संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने की। राष्ट्रीय महासचिव सुनील रामटेके, विधायक रिकेश सेन के प्रतिनिधि प्रेमलाल देवांगन, राजेश वनजारी महासचिव पटवारी संघ, बुद्ध भूमि कोसानगर के अध्यक्ष नरेंद्र शिंदे, एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गवई सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक के निर्देश पर प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की गई। वासनीकर ने दिल्ली स्थित परिनिर्वाण के महत्व को विस्तार से बताया। बाबा साहेब के मार्ग पर चलने की समस्त सामाजिकजनों से अपील की। संस्था के अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड जहां पर विशाल स्मारक तैयार किया गया है, जिसकी लागत 140 करोड़ है। उसे संस्था की जीत एवं परिनिर्वाण भूमि से जुड़े लोगों की आस्था की जीत बताया। आयोजित कार्यक्रम में बालाराम कोलते, भोजपुरी परिषद अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, महिला अध्यक्ष सुजाता रामटेक, समाजसेवी गुलशन डिंडे, नरेंद्र खोबरागड़े, आनंद रामटेक, मोहन कुकरेजा,आलोक जैन, सुनील वाद्रे, शैलेश बढ़गे, भागवत शेडे आदि मौजूद थे।




**53 प्रतिभागी हुए शामिल**

# लोक कला पर ड्राइंग स्पर्धा, खुशी और अनीस की चित्रकारिता रही श्रेष्ठ



**लोक कला पर आयोजित प्रतियोगिता ने बनाया नया रिकॉर्ड**



**भिलाई।** भिलाई में पिछले दिनों चित्रकारिता पर वर्ल्ड लोककला पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चित्रकारिता को लेकर आयोजित इस प्रतिस्पर्धा में वर्ल्ड रिकॉर्ड ड्रीम फ्लाई आर्ट स्टूडियो की फाउंडर अंशुल महाराणा, कलाकार फाउंडेशन की फाउंडर जया अरोरा प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस इवेंट में मुख्य अतिथि बीजेपी महिला मोर्चा की अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, इनफ्लुएंसर सनी पाजी, सूर्या मॉल की मार्केटिंग हेड निकिता डिंगा मौजूद थे। जया अरोरा ने इतिहास की शुरुआत करने वाले चित्रकारिता में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज यह एक वर्ल्ड रिकॉर्ड इस प्रगति व नवीनता की आकर्षण का केंद्र बना। इसका थीम मोटीफस ऑफ इंडिया अ कल्चरल ओडिसी इन है। इस ड्रॉइंग प्रतियोगिता का रिकॉर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया अहमदाबाद द्वारा प्रमाणित किया गया है। स्वीटी कौशिक ने कहा कि जहां छात्र अपनी रुचि को आकार देता है। चित्रकारिता के स्तर पर हम और उत्तम कर सके इसके लिए अभिभावक आपकी भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है।

### दुर्ग-भिलाई के अलावा अन्य शहरों के प्रतिभागी हुए शामिल

आयोजन में दुर्ग-भिलाई के अलावा अन्य शहरों के भी प्रतिभागी शामिल हुए। मुख्य रूप से बिलासपुर के माउंट लिट्रा स्कूल सहित दुर्ग-भिलाई के प्रतिष्ठित स्कूलों के बच्चे शामिल थे। सभी को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। चित्रकारिता में प्रथम खुशी गुप्ता, द्वितीय अनीस शर्मा रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन राजकुमार गुप्ता ने किया। प्रतिभागियों में माधुरी पराते, प्रतिभा महाराणा, पूर्वी देवांगन, जंपना स्फूर्ति, आधिरा उपाध्याय, प्रिशा चौधरी, मानस्वी नाग, आरुषि गोयल, आरुष गोयल, त्रिशा जैन, चिराग गोयल, नव्या शर्मा, शरण्या साव, निवेदिता वर्मा आदि मौजूद थे।

**भिलाई पहुंचने पर स्टेशन में हुआ स्वागत**

# डरबन में खेले गए कामनवेल्थ में राजेश ने जीता गोल्ड, लहराया तिरंगा



**भिलाई।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन में भिलाई के खिलाड़ी राजेश ने स्वर्ण पदक हासिल कर छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश का नाम रोशन किया है। 11वें कामनवेल्थ कराते चैम्पियनशिप-2024 का आयोजन साउथ अफ्रीका के डरबन में हुआ। इसमें खिलाड़ी राजेश ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना स्वर्ण पदक हासिल किया है। कामनवेल्थ चैम्पियनशिप में 22 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें भारत के खिलाड़्यिों ने सबसे ज्यादा मेडल प्राप्त किया है। राजेश ने बताया कि पहला मैच साउथ अफ्रीका, दूसरा न्यूजीलैंड, तीसरा पाकिस्तान, चौथा ऑस्ट्रेलिया और फाइनल में स्कॉटलैंड से हुआ। पूरे पांच देशों के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए फाइनल मैच में जीत कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

**22देशों के खिलाड़ियों ने लिया था हिस्सा**

राजेश पिछले 18 साल से कराते में अपना प्रदर्शन करते आ रहे हैं। हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें शहीद पंकज विक्रम सिंह सम्मान-2023 से पुरुस्कृत किया गया है। इनके प्रशिक्षक डी रमेश हैं,जो कि वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से पुरस्कृत हैं। कोच रमेश सेक्टर 5 इस्पात क्लब में ट्रेनिंग देते हैं। इंडिया कराते टीम के अध्यक्ष हांसी भारत शर्मा, इंडिया टीम कोच अनिकेत गुप्ता ने बधाई दी है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की माता ने भी शुभकमनाएं दी है। स्टेशन में राजेश का भव्य स्वागत किया गया। राजेश ने कहा कि इनका प्रयास रहेगा कि दुर्ग-भिलाई से और भी खिलाड़ी तैयार हो सके। ताकि देश-दुनिया में अपना और अपने शहर का नाम रौशन कर सकें।

**वैदिक गुरुकुल द्वारा राधा-कृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी में आयोजन**

**कार्नर न्यूज**

**शहर में निरंतर आयोजित की जा रही हैं ड्राइंग स्पर्धाएं**

# ड्राइंग में उकेरी बौद्धिक प्रतिभा, मृदुल, ऋषिका सांगेर व रिया चक्रधारी रहे प्रथम, मिला सम्मान

**दुर्ग।** वैदिक गुरुकुल परिवार द्वारा विगत दिनों ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन राधा-कृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी में किया किया। इसमें 5 से 18वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। अपनी बौद्धिक प्रतिभा का परिचय देते हुए अपनी भावनाओं और विचारों को पेंसिल से कागज में उकेरा। प्रतियोगिता के 5 से 8 वर्ष ग्रुप में प्रथम मृदुल गिल्डा, द्वितीय दृष्णना गांधी एवं तृतीय आराध्य ढाबले रहे। 9 से 12 वर्ष ग्रुप में प्रथम ऋषिका सांगेर, द्वितीय हिमांशा राठी एवं तृतीय गौतिका साहू रहीं। 12 प्लस वर्ष ग्रुप में प्रथम रिया चक्रधारी, द्वितीय पलक राठी एवं तृतीय रीत भूतड़ा रहीं। आयोजित प्रतियोगिता के दौरान गुरुकुल के बच्चो के साथ साथ बड़ी संख्या में पालक भी उपस्थित रहे। मुख्य रूप से गुरुकुल प्रभारी आशीष शर्मा, मंदिर के संरक्षक चतुर्भुज राठी, मेघा राठी, संजय अग्रवाल, सुशीला भूतड़ा, प्रमिला मिश्रा, सुमन गुप्ता, नेहा चांडक, जयश्री चांडक, पद्मा राठी, राजकुमार पोद्दार, डॉ. टीडी सिन्हा, प्रखर चांडक, अभिनव राठी, आर्यन पालीवाल, कीर्तन राठी उपस्थित रहे।



### गुरुकुल के इस आयोजन को मिली सराहना

सभी ने गुरुकुल के इस प्रयास की बहुत सराहना की। कार्यक्रम प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि ये कार्य एवं प्रतियोगिता निरंतर शहर के हर हिस्सों में करने का प्रयास किया जाएगा जिस क्रम में आगामी रविवार को श्री लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार दुर्ग में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।



## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर के बॉक्सरों का राज्य रनरअप ट्रॉफी पर कब्जा



**रायपुर।** 16 वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2 दिसंबर से 4 दिसम्बर तक जवाहर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आयोजित हुआ। जिसमें राज्य से 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें रायपुर से 12 बॉक्सरों ने बॉक्सिंग कोच हजारी लाल, सहायक कोच सोनू ध्रुव एवं रूपा ध्रुव के नेतृत्व में भाग लिया। पुरुष वर्ग के 65 किलोग्राम वर्ग में आकाश साहू स्वर्ण पदक ,85 किलोग्राम एलेक्स मिंज रजत पदक, 55 किग्रा में श्रेयांश सुखदेव, 60 किग्रा में विजय बंजारे, 75 किग्रा में कुश चंद्राकर, 80 किग्रा सौम्य राज सिंह एवं +90 किग्रा प्रणव दीवान ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में 51 किलोग्राम छाया पटेल स्वर्ण पदक, 70 किलोग्राम में राजबाला स्वर्ण पदक, विभा ठाकुर एवं 75 किग्रा में पूजा सिंह ने रजत पदक हासिल किया। पूर्व बॉक्सर एवं रायपुर एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव नवीन दास ने बताया कि खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और रनर उप ट्रॉफी पर कब्जा करने पर शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में आने वाली प्रतियोगिता की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए कहा।

### छत्तीसगढ़ की महिला क्रिकेटरों ने तमिलनाडु को एक रन से दी शिकस्त



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन चार दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच शुक्रवार को चंडीगढ में तमिलनाडु टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने तमिलनाडु को एक रन हराया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 180 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से सृष्टि शर्मा ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। उनके अतिरिक्त कप्तान कृति गुप्ता ने 36 तथा एश्वर्य सिंह ने 29 रन बनाये।

तमिलनाडु टीम की ओर से अनुषा, राम्या श्री तथ निदा रहमान ने 2-2 विकेट लिए। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु की टीम 49.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना सकी। तमिलनाडु की ओर से कीर्तना ने 54 रन तथा तिरुष कामिनी ने 47 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से सलोनी डंगोरे ने 4 विकेट, महक नरवसे एवं दुर्गेश नंदिनी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच एक रन से जीत लिया।

### वेटरन क्रिकेट में क्यूसीआई और स्टील टाइटंस के बीच आज फाइनल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ लेजेन्डस प्रीमियर लीग 2024 का आयोजन 01 से 07 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की कुल 6 टीम हिस्सा ले रहीं है। लीग में 35 वर्ष से अधिक की आयु के लगभग 120 खिलाडी हिस्सा ले रहें है। शुक्रवार को प्रतियागिता के सेमीफाइनल मैच खेले गये। क्यूसीआई क्लब, रायपुर तथा स्टील टायटन्स, भिलाई ने फाइनल में प्रवेश किया।

पहला सेमीफाइनल मैच पहला सेमीफाइनल मैच क्यूसीआई क्लब, रायपुर तथा शिवाय टायगर्स के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया।

शिवाय टायगर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 137 रन बनाये। 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाय टायगर्स की टीम 15.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 100 रन ही बना सकी। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने मैच 37 रनों से जीत लिया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर के कृष्ण कुमार प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

दूसरा सेमीफाइनल मैच प्रगति प्राइड, रायपुर तथा स्टील टायटन्स, भिलाई के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया।

प्रगती प्राइड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। स्टील टायटन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 147 रन बनाये। प्रगति प्राइड की टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 147 ही रन बनाकर मैच टाई कर लिया।

● सर्दियों में शुगर कंट्रोल रखने के लिए खाइए ये चार चीजें

# सर्दियों में डायबिटीज प्रभावितों को जरूरत है दिनचर्या के साथ-साथ अपने खानपान पर भी पूरा ध्यान देने की

जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या होती है उन्हें खान-पान और दिनचर्या पर खास ध्यान देते रहने की सलाह दी जाती है। अगर आपको भी ये बीमारी है तो सावधान हो जाइए और शुगर को कंट्रोल रखने के लिए नियमित रूप से प्रयास करते रहिए।

डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। इसमें ब्लड शुगर का स्तर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है जिसे अगर कंट्रोल न किया जाए तो शरीर के कई अंगों को क्षति हो सकती है। यही कारण है कि जिन लोगों को ये समस्या होती है उन्हें खान-पान और दिनचर्या पर खास ध्यान देते रहने की सलाह दी जाती है। अगर आपको भी ये बीमारी है तो सावधान हो जाइए और शुगर को कंट्रोल रखने के लिए नियमित रूप से प्रयास करते रहिए।

जब शरीर या तो इंसुलिन प्रतिरोध विकसित कर लेता है या किसी कारण से इंसुलिन के उत्पादन में कमी हो जाती है, तो इससे डायबिटीज होने का जोखिम बढ़ जाता है।



### डायबिटीज में खान-पान का रखें ध्यान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम जो कुछ भी खाते-पीते हैं उसका सीधा असर हमारे शुगर लेवल पर होता है। सर्दियों के इस मौसम में खान-पान के कई ऐसे विकल्प मौजूद होते हैं जिनसे न सिर्फ शुगर को कंट्रोल रखा जा सकता है साथ ही शरीर को कई प्रकार की बीमारियों से भी बचाया जा सकता है। आइए ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में जानते हैं जो डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद हो सकती हैं?

### जरूर खाएं संतरे

संतरे को पोटेशियम, फाइबर और विटामिन-सी का अच्छा स्रोत माना जाता है। चूंकि इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, इसलिए इसे खाने के बाद ब्लड शुगर तेजी से नहीं बढ़ाता है। मधुमेह रोगियों के लिए, विटामिन-सी बेहद महत्वपूर्ण है। यह न केवल शुगर के स्तर को कम करता है बल्कि एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में विटामिन-सी क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की रिकवरी में भी सहायक है।

### गाजर से कई फायदे

मधुमेह वाले लोगों के लिए सर्दियों में गाजर का सेवन करना काफी लाभकारी है। गाजर का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, इसलिए यह मधुमेह रोगियों के लिए आदर्श है। इनमें बहुत सारा विटामिन-सी होता है, जो प्रतिरक्षा को मजबूत करने में मदद करता है। गाजर में बीटा-कैरोटीन और विटामिन-ए पाया जा सकता है जो आंखों की रोशनी बढ़ाने और रेटिनोपैथी के खतरों को कम करने में लाभकारी है, जिसका जोखिम मधुमेह में काफी अधिक होता है।

### दालचीनी है फायदेमंद

मसाले के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले दालचीनी में शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। दालचीनी को कई अध्ययनों में कोलेस्ट्रॉल को कम करने और हृदय रोगों से बचाने वाला पाया गया है। नियमित दालचीनी का सेवन इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को कम करता है। शुगर को कंट्रोल बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दालचीनी वाली चाय पीना काफी फायदेमंद हो सकता है।



# ठंड में हड्डियों से आती है आवाज तो करें ये काम



सर्दियां आते ही जोड़ों का दर्द परेशान करने लगता है। खासकर, जिन लोगों को पहले से जोड़ों में दिक्कत है, सर्दियों में उनकी मुश्किल और बढ़ सकती है। ठंडी हवा के चलते, मांसपेशियों में अकड़न होने लगती है। इसकी वजह से भी क्रैम्प्स आ सकते हैं। वहीं, सर्दियों में फिजिकल एक्टिविटी भी कम हो जाती है और यह भी जोड़ों के दर्द का एक कारण बन सकता है।

जिन लोगों को अर्थराइटिस है, उनके लिए भी सर्दियां मुश्किल भरी हो सकती हैं। अगर आपकी बोन्स कमजोर हैं, तो दर्द अधिक हो सकता है। ऐसे में बोन हेल्थ को सुधारने के लिए, एक्सपर्ट की बताए इन टिप्स पर ध्यान दें। ये टिप्स हड्डियों को मजबूत बनाकर, जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।

### सर्दियों में बोन हेल्थ सुधारने के लिए करें ये काम



रोजाना सूरज की रोशनी में कुछ देर जरूर रहें। इससे शरीर को विटामिन- डी अब्जॉर्ब करने में मदद मिलती है।सर्दियों में धूप कम निकलती है। यह भी हड्डियों की कमजोरी और जोड़ों के दर्द की एक वजह हो सकता है

भीगे हुए नट्स जैसे बादाम और अखरोट जरूर खाएं। ये ओमेगा-3 और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं और इनसे ज्वॉइंट इंफ्लेमेशन कम होता है। भीगे हुए नट्स, शरीर को ताकत देते हैं और इनसे हड्डियां भी मजबूत होती हैं। डाइट में प्रोटीन से भरपूर चीजों को शामिल करें। इससे बोन हेल्थ में सुधार होता है। क्रूसिफेरस सब्जियां भी शरीर को डिटॉक्स करने और शरीर से इंफ्लेमेटरी एजेंट्स को बाहर निकालने में मदद कर सकती हैं।

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, अमरंथ की पत्तियों में डाइट का हिस्सा बनाएं। ये विटामिन-के से भरपूर होती हैं और बोन मिनरल्साइजेशन में मदद करती हैं। शाम के वक्त एक कटोरी मखाना जरूर खाएं। ये कैल्शियम से भरपूर होते हैं और बोन डेंसिटी को सुधारते हैं। सुबह खाली पेट कैफीन कम से कम लें। ज्यादा कैफीन शरीर में कैल्शियम के अब्जॉर्बनशन में रुकावट पैदा करता है। सर्दियों में भी वर्कआउट, योगा और वॉक जरूर करें। इससे भी बोन हेल्थ में सुधार होता है।



# नांदेड़ व नागपुर की टीम ने जीते मैच

## 16वीं सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रारंभ



**रायपुर।** 16 वीं सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का उद्घाटन मैच खालसा वॉरियर्स नांदेड़ व जीकेएस रायपुर (ए) के बीच खेला गया। जिसमें नांदेड़ की टीम ने 2 विकेट से जीत दर्ज की। खालसा वॉरियर्स नांदेड़ के रोमी प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। दूसरे मैच में सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर ने शहीद भाई तारू सिंघ टीम रायपुर को 4 विकेट से पराजित किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच आगम सिंघ रहे। उद्घाटन मैच के अतिथि रजिन्दर सिंघ (चेन्नई), महेंद्र सिंघ छाबड़ा,पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंघ छाबड़ा व अमरजीत सिंह छाबड़ा थे।

रायपुर के डब्ल्यूआरएस ग्राउंड पर शुक्रवार से शुरू हुए 16 वीं सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट के तहत पहले दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच खालसा वॉरियर्स नांदेड़ व जीकेएस रायपुर (ए) के बीच खेला गया। जीकेएस रायपुर की टीम ने 20 ओवर खेलकर 122 रन बनाये। जिसमें कप्तान अर्जुन सिंघ ने सर्वाधिक 33 रन की पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों में मीका सिंघ के द्वारा बनाए 19 रन के अलावा कोई भी दहाई का स्कोर पार नहीं कर पाये। खालसा वॉरियर्स नांदेड़ के गेंदबाज रोमी ने सधी हुए गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने के लिए उतरी खालसा वॉरियर्स नांदेड़ की टीम ने 18.3 ओवर में जीत का लक्ष्य पूरा कर लिया। जिसमें हर्षमीत सिंघ 17, सन्नी पाल सिंघ 15, सिमरजीत सिंघ 16 व रोमी (नॉट आउट) 18 रन का योगदान रहा। जीकेएस रायपुर (ए) की ओर से गेंदबाजी करते हुए पवन सिंघ ने 40 रन देकर 3 और भूपिंदर सिंघ ने 20 रन (नॉट आउट) देकर 3 विकेट लिए। पहले मैच में 3 विकेट लेने व 18 रन (20 गेंद) की शानदार पारी खेलने वाले खालसा वॉरियर्स नांदेड़ के खिलाड़ी रोमी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मैच सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर व शहीद भाई तारू सिंघ टीम रायपुर के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए रायपुर की टीम ने 18 ओवर में 136 रन बनाये जिसमें कप्तान गगनदीप ने 71 रन (42 गेंद) की शानदार पारी खेली। दूसरे टाप स्कोरर रहे मनदीप सिंघ ने 21 रन बनाये। सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर की ओर से कप्तान आगम सिंघ ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर की टीम ने 17.4 ओवर खेलकर जीत के लिए 137 रन 6 विकेट खोकर बना लिए। सुकमन सिंघ ने सर्वाधिक 43 रन (30 गेंद) बनाये। मनवीर ने 28, आगम सिंघ ने 14 व विकेटकीपर कैफी ने 16 रन बनाये। जसप्रीत व अगमजोत ने 2-2 विकेट लिए। इस मैच के मैन ऑफ द मैच आगम सिंघ ने 21 रन देकर 3 विकेट लिए और 14 रन भी बनाये। शनिवार 7 दिसंबर को पहला मैच खालसा वॉरियर्स नांदेड़ व शहीद जसजीत इलेवन कश्मीर तथा दूसरा मैच सिंघ इलेवन पलपोरा कश्मीर व सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर के बीच खेला जाएगा।

### महीनों तक खराब नहीं होगी टमाटर की खट्टी-मीठी चटनी अगर इन टिप्स से करेंगी स्टोर

यदि आपको भी सर्दी में टमाटर से बनने वाली खट्टी मीठी चटनी पसंद है, लेकिन उसको बनाकर ज्यादा दिन स्टोर नहीं कर पाती हैं। ऐसे में आपको कुछ टिप्स जानने चाहिए, जिनसे टमाटर की चटनी को लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है।

#### बनाने का तरीका

सबसे पहले आपको टमाटर अच्छी तरह धो लेने हैं। अब इनको एक मिक्सी जार में डालकर अच्छी तरह पीस लेना है। गैस पर एक कड़ाही रखें उसमें तेल डालें और गर्म होने के बाद उसमें कलौंजी, जीरा और हल्की सी हींग डालेंगे। इसके बाद इसमें टमाटर का पेस्ट डालकर अच्छी



तरह मिलाएंगे। ऊपर से काला नमक, सफेद नमक, लाल मिर्च पाउडर, गर्म मसाला डालकर फिर चलाएं। साथ ही जितना गाढ़ा पतला करना है उस हिसाब से पानी एड करें। पानी हल्का सूख जाने के बाद इसमें गुड़ या चीनी मिलाएं।इसको अच्छी तरह जब तक पकाएं तब तक ये गाढ़ा न हो जाएं। अब इसको ठंडा हो जाने पर किसी कांच के जार में निकालें और फ्रीज में रख दें।

#### स्टोर करने के टिप्स

टमाटर की मीठी चटनी को लंबे समय तक स्टोर करने के लिए आप इसको अच्छी तरह पकाएं। हमेशा इसको आप कांच के जार में स्टोर करें। इससे ये खराब नहीं होगा। कभी भी चटनी निकालने वाला चम्मच गीला नहीं होना चाहिए। इस चटनी को हमेशा एक ही टेम्प्रेचर में रखें। यानि कभी फ्रिज के बाहर कभी अंदर ऐसा नहीं करना है। इससे वो जल्दी खराब होगी।

कार्नर न्यूज

## इस मौसम में गर्म कपड़ों की देखभाल करें उचित ढंग से

# स्वेटर और इनर की बदबू को खत्म करने के स्मार्ट तरीके, बस हफ्ते में दो दिन करें ये काम

*सर्दी के मौसम में हम सभी ठंड से बचने के लिए स्वेटर के नीचे इनर पहनना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर इन्हें हफ्ते में दो से तीन बार धुला न जाए तो उसमें से एक अजीब सी बदबू आने लगती है। इस समस्या से बचने के लिए आप घरेलू नुस्खा अपना सकती हैं। सर्दियों में आमतौर पर लोग इनर पहनना पसंद करते हैं। ये बॉडी को गर्म के साथ ही ठंड से बचाने का काम करते हैं। लेकिन लगातार पहनने की वजह कई बार इसमें से एक अजीब सी बदबू आने लगती है। लेकिन ठंड में इसे हर दूसरे दिन धुल पाना मुश्किल हो जाता है, जिसके कारण कई बार इन कपड़ों से इतनी अजीब बदबू आने लगती है, कि इन्हें दोबारा से पहन पाना मुश्किल हो जाता है।*



### स्वेटर और इनर से कैसे दूर करें बदबू?

ठंड में धूप कम होने के कारण रोजाना या दूसरे दिन कपड़ों को धुल कर सुखाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में अक्सर में यह सोचते हैं, कि एक स्वेटर या इनर को चार से पांच दिन पहन सकें। जैसा कि ऊपर बताया कि पसीने की वजह से इनर से एक अजीब बदबू आने लगती है, जो खुद को असहज महसूस कराती है। इस समस्या से निपटने के लिए आपको केवल हफ्ते में दो बार केवल नीचे बताए गए काम करना पड़ेगा।

### सिरका और एसेंशियल ऑयल और पानी का करें छिड़काव

स्वेटर और इनर से आने वाली बदबू को दूर करने के लिए आप एसेंशियल ऑयल और पानी का घोल तैयार करके इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए स्प्रे बोतल में आधा बोतल पानी और उसमें चार से पांच बूंद एसेंशियल ऑयल को मिक्स करें। इसके बाद कपड़े को उल्टा कर स्प्रे कर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। इसे कपड़े से आ रही बदबू आसानी से दूर कर सकती हैं।

### बेकिंग सोडा और सिरका का करें इस्तेमाल

स्वेटर और इनर से आने वाली बदबू को दूर करने के लिए आप बेकिंग सोडा और सिरका से तैयार घोल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप आधा चम्मच बेकिंग सोडा और एक ढक्कन सिरका मिलाकर उसका घोल तैयार करें। आप चाहे तो इसमें एक ढक्कन पानी डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इसे स्प्रे बोतल में भरकर कपड़े पर छिड़कें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन 6' पर अपडेट क्या होने जा रही जॉनी डेप की वापसी ?



पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन 6 को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। चर्चा है कि जॉनी डेप अपने कैप्टन जैक स्पैरो की भूमिका में वापसी कर सकते हैं। इस साल की शुरुआत में निर्माता जेरी ब्रुकहाइमर ने कहा था कि यह छठी फिल्म लोकप्रिय फ्रेंचाइजी का रिबूट होगी। हालांकि, हाल की घटनाओं से यह संकेत मिलता है कि जॉनी डेप के शामिल होने का अभी भी संभावनाएं खत्म नहीं हुई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार डिज्नी ने अभी तक जॉनी डेप से उनकी भूमिका फिर से निभाने के लिए आधिकारिक रूप से संपर्क नहीं किया है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी वापसी के रास्ते पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक ब्रुकहाइमर स्क्रिप्ट के दो अलग-अलग संस्करण पर काम कर रहे हैं। इनमें से एक संस्करण ऐसा है, जिसमें जॉनी डेप को शामिल किया जा सकता है, अगर वे और डिज्नी अपने पिछले मतभेदों को सुलझाने में सफल होते हैं। सूत्रों ने बताया कि ₹कुछ भी अभी खारिज नहीं किया जा सकता है।₹ यानी इस पर फैसला अभी बाकी है और जॉनी डेप और फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों के लिए उम्मीदें अभी भी जिंदा हैं। इस साल की शुरुआत में ब्रुकहाइमर को जॉनी डेप से मुलाकात करते हुए देखा गया था, जिससे अभिनेता की वापसी को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं। हालांकि, जॉनी डेप के हालिया कानूनी विवादों और सार्वजनिक विवादों को देखते हुए डिज्नी इस मामले पर सतर्क रुख अपनाए हुए है। फिलहाल, प्रशंसकों को आगे के अपडेट का इंतजार करना होगा कि जॉनी डेप और डिज्नी आपस में सहमति बना पाते हैं या नहीं। इस फ्रेंचाइजी की पिछली पांच फिल्मों ने जॉनी को हॉलीवुड के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अभिनेताओं में से एक बना दिया था।

### टॉलीवुड

## नागा-शोभिता ने शादी के बाद निभाई रिंग गेम रस्म, मस्ती भरा वीडियो देख फैंस उत्साहित



नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने बुधवार 4 दिसंबर को शादी कर एक-दूजे के साथ सात जन्मों की कमसें खाईं। इस जोड़े ने हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में शादी की, जहां कई दिग्गज सेलेब्स ने उन्हें आशीर्वाद दिया। स्टूडियो के अंदर से वीडियो और तस्वीरें ऑनलाइन सामने आने लगी हैं, एक नए वीडियो में नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला को शादी के बाद खेले जाने वाले रिंग गेम रस्म में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला रिंग गेम खेलते समय मुस्कुरा रहे। परंपरा के अनुसार, एक जोड़ा दूध और गुलाब की पंखुड़ियों से भरे बड़े मटके में अंगूठी खोजने की कोशिश करता है। परंपरा के अनुसार, जो भी अंगूठी ढूंढ़ लेता है, वह शादी तय करता है। नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला में से कौन जीता? क्या अभिनेता ने अपनी दूसरी पत्नी के खिलाफ जीत हासिल की। यह देखिए इस खास वीडियो में। समारोह के तुरंत बाद, नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर जोड़े की पहली आधिकारिक शादी की तस्वीरें साझा कीं और लिखा, ₹शोभिता और चै को एक साथ इस खूबसूरत अध्याय की शुरुआत करते देखना मेरे लिए एक विशेष और भावनात्मक क्षण रहा है। मेरी प्यारी चाय को बधाई, और परिवार में आपका स्वागत है, प्यारी सोभिता- आप पहले ही हमारे जीवन में बहुत सारी खुशियां ला चुकी हैं।" आगे नागार्जुन ने लिखा, यह उत्सव और भी गहरा अर्थ रखता है क्योंकि यह एएनआर गारू की प्रतिमा के आशीर्वाद के तहत मनाया जा रहा है, जिसे उनके शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में स्थापित किया गया है। ऐसा लगता है जैसे उनका प्यार और मार्गदर्शन इस सफर के हर कदम पर हमारे साथ मौजूद है। मैं आज हम पर बरसने वाले अनगिनत आशीर्वादों के लिए आभार व्यक्त करता हूं।₹ तस्वीरों में नागा चैतन्य पारंपरिक हाथीदांत शेरवानी और रेशमी शॉल में नजर आए, जबकि शोभिता मंदिर के गहनों से सजी गोल्डन साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आईं। हालांकि, शोभिता ने समारोह के दौरान एक खूबसूरत सफेद साड़ी भी पहनी थी।

### भोजपुरी

## छोड़कर चली गई खेसारी की महबूबा! तड़प-तड़प कर रोने लगे अभिनेता



खेसारी लाल यादव के गानों का क्रेज फैंस के सिर चढ़कर बोलता है। यूं तो उनके गाने ज्यादातर धूम-धड़ाके वाले होते हैं, जिनमें सुपरस्टार अपने डांस और अंदाज से गर्दा उड़ाते नजर आते हैं। लेकिन, उनका हालिया गाना काफी दर्द भरा है। खेसारी लाल यादव के इस गाने का टाइटल है, 'जानू मुबारक हो शादी'। यह गाना आज मंगलवार को यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। खेसारी लाल यादव का नया गाना 'अंकिता फिल्म्स' के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इसे खेसारी लाल यादव ने गाया है। गाना फिल्माया भी उन पर गया है। इसमें वे अपनी महबूबा की शादी में शामिल होते नजर आए हैं। अपने गानों पर थिरकने वाले खेसारी इस गाने में दिल टूटे आशिक बने सुबक-सुबक कर रोते नजर आए हैं। खेसारी के इस गाने को यूजर्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फैंस लिख रहे हैं, 'खेसारी का काफी लंबे समय बाद दर्द भरा गाना आया है'। एक यूजर ने लिखा, 'खेसारी लाल का सैड सॉन्ग सीधे दिल पर लगता है'। एक यूजर ने लिखा, 'यह गाना सुनकर तो रोना आ गया। खेसारी ने एक आशिक के दिल की बात कह डाली है'।

रिलीज हुए गाने को चंद घंटों में ही करीब एक लाख व्यूज मिल चुके हैं। खेसारी लाल यादव भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय कलाकार हैं।

## फैशन का जैतूनी रंग

लाइफ स्टाइल



लेबनानी डिज़ाइनर एली साब ने पेरिस फैशन वीक में अपने फॉल/विंटर रेडी-टू-वियर 2024-25 संग्रह का अनावरण किया। उन्होंने उपयुक्त शीतकालीन पैलेट में गहरे रंगों का प्रदर्शन किया। रनवे पर आकर्षक जैतूनी हरे रंग के गाउन दिखाए गए, साथ ही गहरे बैंगनी और हल्के गहरे नीले रंग ने भी इस नई पेशकश को और अधिक आकर्षक बना दिया।

## सर्दियों के मौसम में चाहती हैं सॉफ्ट और सुंदर लिप्स, तो इन टिप्स को करें फॉलो

सर्दियों के मौसम में जहां स्किन और बालों को सही केयर की जरूरत होती हैं तो वहीं लिप्स भी हैं जिन्हें एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। इस मौसम में लिप्स की सही तरह से केयर न की जाए तो ये ड्राई हो जाते हैं और इस वजह से ये रूखे और डल नजर आते हैं। वहीं अगर आप सर्दियों के मौसम सॉफ्ट और सुंदर लिप्स चाहती हैं तो आप इस आर्टिकल में बताई गई टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। ये टिप्स लिप्स को सॉफ्ट और सुंदर रखने में मददगार साबित हो सकती हैं साथ ही इन टिप्स को आपने लिप्स केयर रूटीन में भी शामिल कर सकती हैं।

### लिप्स को करें मॉइस्चराइज

चेहरे को धोने के बाद जहां आप इसे मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करती है तो वहीं होठों को भी मॉइस्चराइज करें। होठों को मॉइस्चराइज करने के लिए लिप बम का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं होठों को मॉइस्चराइज करने के लिए बेस्ट लिप बाम का इस्तेमाल करें। लिप बाम आप दिन में दो बार लगाएं और घर से बाहर निकलने के दौरान जरुर होठों पर लिप बाम लगाएं।

### रात को करें ये काम

सॉफ्ट और सुंदर लिप्स पाने के लिए रात को सोने से पहले इन्हें मॉइस्चराइज करें और इसके लिए आप नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। रात को लिप्स को अच्छी तरह से साफ करें और इसके बाद



उँगलियों में थोडा-सा नारियल तेल लेकर होठों की मसाज करें। ये काम रोजाना सोने से पहले कर सकती हैं।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

हफ्ते में दो दिन होंठों को एक्सफोलिएट करें। स्क्रब के बाद तुरंत लिप बाम लगाना ना भूलें। सही और बेस्ट लिप बाम का चुनाव करें। मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल आप कम करें होंठ चाटे नहीं ऐसा करने से लिप्स और भी ज्यादा ड्राई हो जाते हैं। धूप में निकलते समय लिप बाम का इस्तेमाल करें डैमेज या फटे होंठों की समस्या को नजरअंदाज न करें।

## साड़ी लुक को बनाना है खास तो इन बातों का ध्यान रखकर हों जाएं तैयार



फैशन

साड़ी एक पारंपरिक भारतीय परिधान है, जो महिलाओं द्वारा पहना जाता है। इसे पहनने की शैली भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग होती है, और यह वहां की संस्कृति और परंपरा को दर्शाती है। साड़ी केवल पहनावे का साधन नहीं, बल्कि यह भारतीय महिलाओं की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक भी है। शादी, त्योहार और अन्य खास अवसरों पर साड़ी पहनने का प्रचलन खासतौर पर देखा जाता है। अब तो महिलाएं न सिर्फ पार्टी बल्कि दफ्तरों में भी साड़ी पहनना पसंद करती हैं। वैसे तो साड़ी महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लगा देती है, लेकिन अगर इसे सही ढंग से न पहना जाए तो ये आपका लुक बिगाड़ भी सकती है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद आपका साड़ी लुक किसे हिरोइन से कम नहीं लगेगा।



### आयोजन के हिसाब से करें चयन

साड़ी का चयन हमेशा आयोजन के हिसाब से ही करना चाहिए। हर आयोजन के लिए अलग-अलग टाइप की साड़ियां सही मानी जाती हैं। जैसे कि किसी पार्टी के लिए शिमर या नेट साड़ी, जबकि पारंपरिक मौके पर सिल्क या बनारसी साड़ी चुनें। दफ्तर में आप कॉटन की साड़ी कैरी कर सकती हैं।

### रंग का रखें ध्यान

साड़ी का रंग दिन और रात के हिसाब से ही चुनें। जैस कि दिन के समय हल्के और पेस्टल रंग, जबकि रात के समय गहरे रंग उपयुक्त लगते हैं। यदि आप रात के समय ज्यादा हल्के रंग पहनेंगी तो आपका लुक हल्का ही दिखेगा।

### ब्लाउज का रखें ध्यान

आपके साड़ी लुक के स्टाइल को ब्लाउज का डिजाइन पूरी तरह बदल सकता है। ऐसे में साड़ी के साथ ट्रेंडी बैक डिजाइन, बेल स्लीव्स, या कॉन्ट्रास्ट ब्लाउज ट्राई करें। इसकी फिटिंग सही होनी चाहिए।

## डेनिम जींस के साथ स्टाइल करें अपने स्वेटर, खिल उठेगा रूप

जब भी हमें कुछ कम्फर्टेबल आउटफिट पहनने का मन करता है, तो ऐसे में हम जींस को सबसे पहले ऑप्शन में रखते हैं। लेकिन जब इसके साथ टॉप को पहनने की बात आती है, तो इसके लिए हम कई सारे ऑप्शन को सर्च करते हैं। जिसे वियर करके हम लुक को परफेक्ट तरीके से क्रिएट कर सके। साथ ही, लुक को अट्रैक्टिव बना सके। ऐसे ही आप सर्दी के मौसम में डेनिम जींस के साथ स्वेटर के अलग-अलग डिजाइन और कलर को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप ठंड से बची रहेंगी। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के स्वेटर को आप वियर कर सकती हैं।

### ओवर साइज स्वेटर करें स्टाइल

आप डेनिम जींस के साथ लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए ओवर साइज स्वेटर को वियर कर सकती हैं। इस तरह के स्वेटर पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको राउंड नेकलाइन के साथ-साथ हाईनेक वाला



डिजाइन भी मिल जाता है। इससे ये स्वेटर पहनने के बाद अच्छा लगता है। इसे आप किसी भी डेनिम के साथ वियर कर सकती हैं। कलर भी आप स्वेटर के शेड के हिसाब से चूज कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा नजर आएगा। मार्केट में इस तरह के स्वेटर आपको 500 से 1,000 रुपये में मिल जाएंगे।

## सर्दियों में कर रही हैं हेयर स्पा तो इन बातों का रखें खास ध्यान

अगर आप सर्दियों के मौसम में हेयर स्पा करवा रही हैं तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। अगर आप हेयर स्पा के दौरान इन बातों का ध्यान नही रखती हैं तो बालों को नुकसान हो सकता है।

**हेयर स्पा कराने के फायदे:** आजकल की भागदौड़ भरी लाइफ साथ बालों की सही तरह से केयर नहीं करने की वजह से बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं। हेयर स्पा बालों को नमी प्रदान करने का काम करता है साथ ही हेयर स्पा करने से बाल मजबूत होते हैं तो वहीं बालों से जुड़ी समस्या भी कम होती है।

**सर्दियों में हेयर स्पा करवाने से पहले इन बातों का रखें ध्यान :** हेयर स्पा करवाने के लिए सही हेयर स्टाइलिस्ट का चुनाव करें ताकि यहां पर सही तरह से हेयर स्पा ट्रीटमेंट हो सकें। इसी के साथ हेयर स्टाइलिस्ट को अपने बालों से जुड़ी सभी परेशानी के बारे में बताए ताकि वो उन चीजों का इस्तेमाल न करें जिससे आपके बालों को नुकसान हो सकता है।

हेयर स्पा करवाने से बालों की अच्छी तरह से मसाज करें ताकि बालों को सही पोषण मिल सके साथ ही स्कैल्प भी हेल्दी रहे। वहीं हेयर स्पा करवाने के दौरान इस बात का



ध्यान रखें कि हेयर स्टाइलिस्ट किस तरह का शैम्पू और कंडीशनर का इस्तेमाल कर रहा है ताकि बालों को कोई नुकसान न हो।

**हेयर स्पा के करवाने के बाद इन चीजों का रखें ध्यान** :हेयर स्पा करवाने के बाद आप हीटिंग टूल्स का इस्तामले करने से बचें। अगर आप हीटिंग टूल्स का इस्तेमला करती है तो बालों को नुकसान हो सकता है साथ हो बालों के ड्राई होने की समस्या बढ़ सकती है।

हेयर स्पा करवाने के बाद बालों को कवर करके रखें साथ ही इन्हें धूप से भी बचाएं। वहीं हेयर स्पा के बाद बालों को गर्म पानी से न धोएं। अगर आप बालों को गर्म पानी से वश करती हैं तो बालों को नुकसान हो सकता है।

कार्नर न्यूज

## इन ब्यूटी हैक्स से होगी जिंदगी आसान, हर महिला को होनी चाहिए इनकी जानकारी

*ब्यूटी हैक्स बेहद काम की चीज हैं, जो आपका समय बचाते हैं। इनकी मदद से आप अपने मेकअप, बाल, त्वचा और नाखूनों को खूबसूरती और करीने से सजा-संवार सकती हैं। हर महिला, चाहे वह कामकाजी हो या गृहिणी, उसकी दिनचर्या सुबह से शाम तक भागदौड़ भरी ही रहती है। घर के कामों में फिर भी कोई आपकी मदद कर देता है, लेकिन तैयार आपको खुद ही होना पड़ता है, वह भी ज्यादा समय लगाए बिना। आप चाहे कितनी भी व्यवस्थित क्यों न हों, कुछ न कुछ छूट ही जाता है और आप इस कम समय में उतनी सुंदर नहीं लग पातीं, जितना कि लगना चाहती हैं। ऐसे में न सही हेयर स्टाइल बन पाता है, न सही से मेकअप हो पाता है। वहीं कई बार कोई कपड़ा बहुत ढीला दिख रहा होता है तो कभी शर्ट के दो बटनों के बीच से स्किन झांक रही होती है।*

## इन फैशन हैक्स को अपना कर बनाइए खुद को और भी हसीं, जानिए इनके बारे में सबकुछ



**फैशन टेप : नहीं फिसलेंगे कपड़े:** कई बार हाई नेकलाइन और शोल्डर लेंथ वाले कपड़ों से त्वचा झांकने लगती है। ऐसा जब ऑफिस या परिवार में बड़े-बुजुर्गों के बीच हो जाता है तो आंखें शर्म से नीची हो जाती हैं। तब यह समझ नहीं आता कि क्या करें, कैसे झांकती त्वचा को छिपाएं! ऐसी अजीब परिस्थितियों और मुसीबतों से बचने का उपाय है, डबल साइड वाली फैशन टेप।

यह सेलो टेप जैसे रोल में आती है और ट्रांसपेरेंट होती है। आपको यह ऑनलाइन या ऑफलाइन आसानी से मिल जाएगी। इस टेप रोल में आपको यह एक इंच के छोटे टुकड़ों में कटी मिल जाएगी, यानी काटने का कोई झंझट नहीं, बस जहां लगानी हो, आसानी से लगा लो।

**फिटकरी पेंसिल : सेफ्टी गैजेट:** कई बार आईब्रो या अपर लिप्स पर शेविंग करते हुए, सेफ्टी पिन लगाते हुए या फिर अपने नाखून ही खुद को चुभ जाते हैं और आप चोटिल हो जाती हैं, जिसमें से कभी-कभी खून भी बहने लगता है।

मुसीबत तब ज्यादा बड़ी लगती है, जब ऐसा कुछ घर से बाहर हो। ऐसे समय में आपकी बेस्ट सेफ्टी गैजेट बनेगी छोटी-सी फिटकरी पेंसिल। इसे आप बाजार से या ऑनलाइन खरीद सकती हैं। यदि आपको फिटकरी वाली पेंसिल न मिले तो आप फिटकरी का छोटा टुकड़ा बैग में रख सकती हैं, जिसे लगाते ही खून बहना रुक जाएगा। फिटकरी रक्तवाहिनियों को सिकोड़ देती है और रक्तस्राव शीघ्रता से रुक जाता है।



**हील कुशन : आराम ही आराम:** हील्स पैरों को कितना परेशान करती हैं, आप अच्छी तरह जानती हैं। मगर इसमें भी दो राय नहीं कि ये कम हाइट वाली महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करती हैं। ऐसे में खूबसूरती को बढ़ाने और पैरों को आराम देने के काम आएगा हील कुशन। यह बेहद मुलायम और स्टिक-ऑन होता है।

आप इसको जूतों में भी जोड़ सकती हैं और अपनी हाइट में थोड़ा इजाफा कर सकती हैं। इसे पहनकर आप घंटों डांस फ्लोर की शान बन सकती हैं, वह भी बिना किसी परेशानी के।

**आईलैश : खूबसूरती की चमक:** पूरा मेकअप करके के बाद जब आईलैश सही से कर्ल नहीं होती या फिर मस्कारा लगाते समय वह फैल जाए तो बहुत चिढ़ होती है।